राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 14

www.lagatar.in | शनिवार, 16 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 1, अंक : 238 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## जुर्माना देंगे तीन करोड़, नहीं पहनेंगे हेलमेट...



▪ यातायात विभाग ने नियम तोड़ने वाले 22,229 वाहनों को पकड़ा
▪ 2,92,42,850 का जुर्माना वसूला, अभी और बढ़ेगा आंकड़ा

राम मूर्ति पाठक। धनबाद

धनबाद में यातायात नियमों को तोड़ने वालों की कमी नहीं है. विभाग के आंकड़े बताते हैं कि 2023 के 11 महीने में 22 हजार 2 सौ 29 गाड़ियों को नियमों को तोड़ने के आरोप में पकड़ा गया. इन वाहन चालकों से नवंबर माह तक ही 2 करोड़ 92 लाख 42 हजार 850 रुपये का जुर्माना वसूला गया. दिसंबर माह विभाग और भी सख्ती से सड़क पर पसीना बहा रही है. सरकारी खजाने में और बढ़ोतरी की उम्मीद है, क्योंकि जगह-जगह वाहनों की जांच हो रही है, चालान काटे जा रहे हैं और जुर्माना वसूला जा रहा है.

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था का बुरा हाल है. वाहन चालक हर दिन ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं, मगर नियम टूटने और जुर्माना वसूली के बाद भी इनमे सुधार नहीं है. सबसे अधिक वसूली हेलमेट नहीं पहनने वालों से हुई है. इसके बाद सीट बेल्ट, ट्रिपल लोड जैसे मामलों को लेकर जुर्माना वसूली हुआ. हेलमेट नहीं पहनने हर साल दर्जनों लोगों की जान जाती है. पुलिस के सामने चालक नियम तोड़ते हैं. ऐसे में सिर्फ वाहन चालकों से जुर्माना वसूल करना लक्ष्य न होकर लोगों को नियम का पालन कराना उद्देश्य होना चाहिए.

### आंकड़ा जनवरी से लेकर नवंबर तक

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी | गाड़ी- 1261 | जुर्माना - 2090600 |
| फरवरी | गाड़ी -2199 | जुर्माना- 3405350 |
| मार्च | गाड़ी- 1584 | जुर्माना -2485900 |
| अप्रैल | गाड़ी- 1690 | जुर्माना- 2704400 |
| मई | गाड़ी -1614 | जुर्माना- 2862750 |
| जून | गाड़ी- 2893 | जुर्माना- 2860000 |
| जुलाई | गाड़ी -2912 | जुर्माना -2812450 |
| अगस्त | गाड़ी- 2027 | जुर्माना- 2493850 |
| सितंबर | गाड़ी- 2413 | जुर्माना- 2852450 |
| अक्टूबर | गाड़ी- 1452 | जुर्माना- 1770550 |
| नवंबर | गाड़ी -2184 | जुर्माना- 2904550 |

कुल गाड़ी 22,229 /कुल जुर्माना 2,92, 42,850




## ▼ ब्रीफ खबरें

### हत्या के इरादे से आये दो बदमाश गिरफ्तार



**रांची।** संजीत मिश्रा नाम के व्यक्ति की हत्या करने से पहले रांची पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. एसएसपी को मिली गुप्त सूचना पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. जिनके पास से एक पिस्तौल और जिंदा गोली भी बरामद किया गया. गिरफ्तार अपराधियों में ठाकुर धर्मेंद्र सिंह और रविन्द्र सिंह शामिल हैं. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इमली चौक के जनता फ्लैट के पास संजीत मिश्रा की हत्या की नीयत से दो अपराधी हथियार के साथ पहुंचे हैं, और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया जा रहा है. इसके बाद पुलिस ने खदेड़ कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया.

### वेतन भुगतान के लिए 5 करोड़ 27 लाख आवंटित

**रांची।** चतरा जिला में स्वास्थ्य विभाग के तहत काम करने वाले विभिन्न श्रेणी के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन की भुगतान के लिए 5 करोड़ 27 लाख का आवंटन किया गया है. स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने आवंटन राशि निर्गत किया है. राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी चतरा जिले के सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद होंगे. जिले के कोषागार से राशि के निकासी की जाएगी. वहीं राशि की नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव खुद होंगे.

### टाटानगर स्टेशन से नौ माह की बच्ची की चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन के पास से नौ माह की बच्ची चोरी हो गई. घटना गुरुवार देर रात की है. बच्ची के चोरी होने की सूचना शुक्रवार को बागबेड़ा पुलिस को दी गई. सूचना पाकर पुलिस ने बच्चा चोर की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस स्टेशन के आस–पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. बच्ची की मां का कोई ठिकाना नहीं है. वह स्टेशन के आस-पास भीख मांगकर अपना गुजारा करती है. मामले को लेकर थाना में लिखित शिकायत नहीं की गयी है. 3 सितंबर 2022 को स्टेशन के पास भी एक खानाबदोश महिला के 7 माह के बच्चे की चोरी कर ली गई थी.

### अभियंता नियुक्ति के लिए 21 तक करें आवेदन

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान(रिम्स) में विभिन्न श्रेणी के अभियंताओं के लिए चार पदों पर होने वाली नियुक्ति के आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है. एक साल के लिए या सेवा विस्तर होने तक अनुबंध पर चयनित अभियंताओं की सेवा ली जाएगी. इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (सिविल) के एक पद, जबकि असिस्टेंट इंजीनियर(इलेक्ट्रिकल) के एक पद जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) के एक पद और जूनियर इंजीनियर(सिविल) के एक पद पर 12 दिसंबर तक आवेदन मांगा गया था. आवेदन की अंतिम तिथि 21 दिसंबर है.

### डीआरसीएचओ डॉ शशि भूषण खलखो का निधन

**रांची।** जिले में लंबे समय तक प्रतिरक्षण पदाधिकारी के रूप में



अपनी सेवा देने वाले डॉ शशीभूषण खलखो का शुक्रवार को रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया. दो दिन पूर्व पेट में दर्द होने के बाद उन्हें रिम्स में भर्ती कराया था. जांच के बाद उनके गॉलब्लाडर में पथरी मिली थी. उनके निधन की सूचना से सभी लोग स्तब्ध हैं. डॉ शशिभूषण का ट्रांसफर रामगढ़ डीआरसीएचओ के पद पर किया गया था. उनके निधन के बाद सदर अस्पताल में शोक सभा का आयोजन किया गया.

## ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन ने लिखा गृह मंत्रालय को पत्र

# रेल थाने होंगे बंद आरपीएफ के हवाले कमान

संवाददाता। धनबाद

धनबाद समेत देशभर के 74 रेल मंडलों में आनेवाले समय में सभी रेल थाने बंद हो जाएंगे. विधि-व्यवस्था की कमान आरपीएफ के हवाले होगी. इस संबंध में ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन की ओर से केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा गया है कि रेलवे में एक ही सुरक्षा एजेंसी रहे, ताकि क्राइम होने पर दोनों एजेंसी के पदाधिकारी एक-दूसरे पर फेंका-फेंकी न करें. किसी ट्रेन में आरपीएफ की एस्कॉर्ट पार्टी रहते हैं और उसमें कोई आपराधिक घटनाएं होती हैं, तो जीआरपी का आरोप रहता है कि जब आरपीएफ के पदाधिकारी व जवान ट्रेन में थे, तो वे क्यों एफआईआर करेंगे, कैसे अपराधियों की पहचान करेंगे. घटना होने के बाद एस्कॉर्ट पार्टी के पदाधिकारी व जवान अनुसंधान में मदद भी नहीं करते हैं. जब तक रेलवे में दो एजेंसी रहेगी, यह दिक्कत होता रहेगा. इसको लेकर रेलवे के यूनियन मंडल, जोनल और केंद्रीय स्तर पर बैठक कर चर्चा कर चुके हैं. कई बार ऐसा होता है कि जीआरपी ही आरोप लगा देते हैं कि आरपीएफ के पदाधिकारियों-जवानों ने ही क्राइम कराया है. अपराधियों से मिले हुए हैं. फेडरेशन की ओर से दिए गए लिखित पत्र पर गृह मंत्रालय स्तर पर मंथन हो रहा है. रेलवे मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक होगी. अंतिम बैठक पर लिए गए फैसले की विस्तृत रिपोर्ट की फाइल पीएमओ के पास भेजा जाएगा. उसके बाद हरी झंडी मिलते ही देशभर के सभी रेल थाने बंद हो जाएंगे.

### धनबाद रेल जिला पुलिस क्षेत्र में हैं 21 रेल थाने

धनबाद रेल जिला पुलिस क्षेत्र में 21 रेल थाने हैं, जिसमें धनबाद समेत गोमो, कोडरमा, चंद्रपुरा, गोमिया, बरकाकाना, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जसीडीह, साहिबगंज, पाथरडीह, भागा, जामताड़ा, चितरंजन, बड़हरवा आदि हैं. अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की संख्या लगभग पांच सौ के आसपास है, जिसपर हर माह वेतन समेत अन्य मद में पांच करोड़ रुपये खर्च होते हैं. रेल थाना बंद होने और अधिकारियों व कर्मियों के जिला बल शिफ्ट होने से सरकारी फंड में करोड़ों की बचत होगी.




### सीआरपीसी-आईपीसी समेत अनुसंधान-सुपरविजन की मिलेगी ट्रेनिंग

सूत्रों के अनुसार रेलवे संपत्ति की चोरी के अलावा यात्रियों, रेलकर्मियों व अधिकारियों के साथ आपराधिक घटनाएं होने पर आरपीएफ को ही एफआईआर कर अनुसंधान करना होगा. सीआरपी-आईपीसी का अधिकार आरपीएफ को ही मिलेगा. बकायदा इसके लिए आरपीएफ के अधिकारियों व जवानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि एफआईआर कर अनुसंधान, सुपरविजन करने व चार्जशीट सौंपने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो. रेलवे संपत्ति, यात्रियों, रेलकर्मियों व अधिकारियों की सुरक्षा का जिम्मा वर्तमान समय में आरपीएफ-जीआरपी दोनों के पास है, लेकिन क्राइम होने पर दोनों सुरक्षा एजेंसी एक-दूसरे पर फेंका-फेंकी करते हैं. इसको लेकर कई बार विवाद हो जाता है और इसका खामियाजा यात्रियों के साथ-साथ रेलवे अधिकारियों को भी भुगतना पड़ता है.

## प्रिंस खान के धमकी भरे कॉल फिर शुरू

### बड़े कारोबारियों के साथ छोटे व्यवसायी भी टारगेट पर

▪ सैलून चलाने वाले नाई से भी प्रिंस ने मांगी रंगदारी

संवाददाता। धनबाद

बड़े कारोबारियों के साथ अब छोटे-छोटे कारोबार करने वालों से भी कुख्यात भगोड़े अपराधी प्रिंस खान ने रंगदारी मांगनी शुरू कर दी है. वासेपुर बाई पास रोड के सैलून वाले को प्रिंस खान ने फोन कर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी है. रंगदारी न देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी भी दी है. वहीं भुक्तभोगी ने अब तक इसकी शिकायत पुलिस से नहीं की है. एक तरफ धनबाद के लिए गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या की गुत्थी सुलझाना चैलेंज बना हुआ है. दूसरी तरफ प्रिंस खान ने जिले के कारोबारियों से रंगदारी मांगना पूर्व की तरह जारी रखा है. प्रिंस को पकड़ना धनबाद पुलिस के लिए टेड़ी खीर बना हुआ है. दो दिनों में प्रिंस ने आधा दर्जन कारोबारियों को फोन या मैसेज कर रंगदारी मांगी है. दो साल से प्रिंस खान पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है.

### बॉस का फोन है, बात करो...



एक तरफ जहां प्रिंस खुद कारोबारियों को रंगदारी के लिए धमकी भरा फोन या मैसेज कर रहा है, अपने गुर्गे मेजर द्वारा फोन और मैसेज करवा रहा है. वहीं दूसरी तरफ वासेपुर के कारोबारियों के पास प्रिंस के आदमी फोन पर उससे बात कराते हैं. मालूम हो कि वासेपुर के एक अगरबत्ती कारोबारी के पास प्रिंस का एक आदमी जाकर कहता है कि बॉस का फोन है, लो बात करो. यह कहकर फोन कारोबारी को देता है. दूसरी तरफ से फोन करने वाला अपना नाम प्रिंस खान बता कर उससे 10 लाख रुपये की रंगदारी की मांग करता है. इसी प्रकार वासेपुर के एक अन्य दुकानदार से भी फोन पर रंगदारी मांगी गई है. वहीं बैंक मोड़ व सरायढेला क्षेत्र के भी कई कारोबारियों से प्रिंस खान द्वारा रंगदारी मांगने की बात सामने आ रही है.

### प्रिंस के गुर्गे मेजर ने मांगी 30 लाख की रंगदारी

एक तरफ प्रिंस खान खुद फोन कर रंगदारी के लिए धमकी दे रहा है तो वहीं दूसरी तरफ उसका गुर्गा मेजर भी कारोबारियों को धमकी दे रहा है. सरायढेला क्षेत्र के एक मिठाई दुकानदार से मेजर के नाम पर फोन कर 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है. मिठाई दुकानदार ने भी पुलिस से इसकी शिकायत नहीं कि है. दुकानदार का कहना है कि उसकी दुकान काफी छोटी है, इसके बावजूद उससे रंगदारी की मांग क्यों की गयी. मेजर का फोन आने के बाद से दुकानदार दहशत में है.

## जमशेदपुर: आइसक्रीम पार्लर में लगी आग

संवाददाता। जमशेदपुर

मानगो जवाहरनगर रोड नंबर 6 के समीप अल सैफ आइसक्रीम पार्लर में शुक्रवार की अहले सुबह आग लग गयी. सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग की एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. अल सैफ आइसक्रीम पार्लर में पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं घट चुकी हैं, मगर इस बार आग लग जाने से दुकानदार को काफी नुकसान हुआ है. कुछ लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा, जिसके बाद इसकी जानकारी दुकानदार शकील अहमद को दी. वे भागते हुए मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी. शकील अहमद जब तक कुछ कर पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था. दुकान मालिक शकील ने बताया कि सुबह फोन के माध्यम से आग लगने की जानकारी उन्हें मिली. दुकान पहुंचने पर देखा कि उनकी दुकान में रखा सारा सामान बुरी तरह से जल चुका है. आग कैसे लगी उन्हें इसकी जानकारी नहीं है. अगलगी की इस घटना में दुकानदार को लगभग 40 से 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है.

लाखों के नुकसान का अंदेशा





▪ अगलगी की इस घटना में दुकानदार को लगभग 40 से 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है

## कॉलेज में चमकाया कट्टा, मची अफरा-तफरी

▪ छात्राओं व कर्मियों में डर, तस्वीर सीसीटीवी में कैद

संवाददाता। निरसा/मैथन

एसएचएमएस इंटर कॉलेज में शुक्रवार को दो युवकों द्वारा कट्टा चमकाये जाने के बाद कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गयी. छात्रों ने हो-हल्ला शुरू किया. छात्रों की भीड़ देख दोनों भाग निकले. उनकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी. दोनों युवक बिना नंबर की पल्सर बाइक से पहुंचे और कॉलेज छात्रों को धमकाने लगे. हो-हल्ला सुनकर छात्रों की भीड़ जुटने लगी. भीड़ देखकर दोनों युवक भाग गए. कॉलेज के प्रभारी प्रो दीपक कुमार सिंह ने मामले की जानकारी चिरकुंडा पुलिस को दी. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी. इधर छात्रों का कहना है कि 12वीं का फॉर्म भराजा रहा था. इसी क्रम में दोनों युवकआए धमकी देने लगे. दोनों युवक पूरे नशे में लग रहे थे. सभी छात्र डर गए और हो-हल्ला शुरू हो गया. इस संबंध में चिरकुंडा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामले की सूचना पर घटना के संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है.

### अजय कुमार को कैबिनेट सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** कैबिनेट सचिव वंदना दादेल शनिवार 16 दिसंबर से 28 दिसंबर तक अवकाश पर रहेंगी. ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को कैबिनेट सचिव (मंत्रिमंडल सचिवालय) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. अजय सिंह के पास वित्त विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार है. कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. .

## शुभम संदेश विशेष | परचम चांद पर, 6 जी की टेस्टिंग कर रहा देश और नेटवर्क से 1 किमी दूर गांव में फोन कॉल और इंटरनेट भविष्य की बात

# यह है गंगापुर, मोबाइल कंपनियों की नजरों से है दूर

राम पांडेय/कुमार बलराम। राजगंज (धनबाद)

देश का परचम आज चांद पर लहरा रहा है. दुनिया हमारी तकनीक का लोहा मान रही है, डिजिटल इंडिया का दंभ भरते सरकार नहीं थकती...लेकिन धनबाद मुख्यालय से महज 20-22 किलोमीटर की दूरी पर ऐसा गांव आज भी है, जहां मोबाइल से बात करना आज भी भविष्य की बात है. यहां किसी भी दूरसंचार कंपनी का नेटवर्क नहीं है. आज के दौर में जब भारत 6 जी की टेस्टिंग के अंतिम चरण में पहुंच चुका है. हर तरफ नेटवर्क का जाल बिछा हुआ है. शहर ही नहीं गांव-गांव तक ब्रॉडबैंड का कनेक्शन पहुंचाया जा रहा है. इसके बावजूद आज भी गांव में मोबाइल नेटवर्क की कनेक्टिविटी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं. सोशल मीडिया के इस दौर में मोबाइल नेटवर्क के अभाव में शासन की ऑनलाइन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ भी ग्रामीण नहीं उठा पा रहे. शायद यह कहना गलत नहीं होगा कि आज भी मोबाइल कंपनियों की नजरों से धनबाद के राजगंज के सुदूर ग्रामीण व नक्सल प्रभावित क्षेत्र गंगापुर दूर हैं. यहां के लोगों को फोन में बात करने के लिए करीब एक किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है.









### 'अगर नेटवर्क रहता तो बच्चों की पढ़ाई अच्छे से हो पाती'

ग्रामीण ज्योति लाल टुडू बताते हैं कि हमसब को किसी को फोन करने के लिए 1.5 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, पूरी बस्ती में एक ही जगह पर नेटवर्क मिलता है, वो भी 1 से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर गांव के पूरा ग्रामीण वहीं जाकर फोन करते हैं, तब जाकर फोन से बातचीत हो पाती है. वहीं संतदेवनी कुमारी बताती है कि नेटवर्क नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई व सरकार की योजनाओं का लाभ के बारे में पता ही नहीं चलता है. नेटवर्क अगर रहता तो बच्चों की पढ़ाई अच्छे से हो पाती. वहीं गांव के बुजुर्ग ज्योति लाल टुडू बताते हैं कि अगर किसी से फोन में बात करनी होती है तो 1.5 किलो मीटर दूर जाना होता है. बूढ़े हो जाने से दूर जाने में कठिनाई होती है. घर से फोन नही लगता है.

### किन-किन सुविधाओं से वंचित हैं ग्रामीण

- **मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी :** सबसे ज्यादा दिक्कत बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस बुलाने में आती है. ग्रामीणों चेतलाल मरांडी का कहना है कि अगर ऐसे हालात रहे तो डिजिटल इंडिया का सपना कैसे पूरा होगा. क्षेत्र के ग्रामीणों को 2 किलोमीटर दूर मे सारे मोबाइल नेटवर्क कनेक्शन मिलता है, लेकिन गांव में मोबाइल नेटवर्क से परेशानी का सामना करना पड़ता है. कभी नेटवर्क आ जाता है तो कभी बिल्कुल नेटवर्क नहीं मिलता है.
- **नहीं मिलता ओटीपी मैसेज, ग्राहक परेशान :** केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं में मिलने वाली सब्सिडी से लेकर समर्थन मूल्य पर बेची जाने वाली उपज आदि की जानकारी के लिए मोबाइल पर ओटीपी और मैसेज आते हैं. क्षेत्र में नेटवर्क नहीं मिलने से ग्रामीणों को परेशानी होती है. एक ओर जहां सरकार ऑनलाइन प्रक्रिया को बढ़ावा दे रही है, वहीं मोबाइल मे नेटवर्क ही नहीं मिल पा रहा है, तो जानकारी कैसे मिलेगी.
- **परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने में परेशानी :** विभिन्न परीक्षाओं और योजनाओं की प्रक्रिया ऑनलाइन हो चुकी है. गंगापुर के लोगो को नेटवर्क नहीं मिलने से नेट नहीं चलने से कोई भी फॉर्म भरने में दिक्कत का सामना करना पड़ता हैं. ऐसे में ऑनलाइन बैंकिंग, बिजली के बिल जमा करने सहित अन्य जरूरी कार्य नहीं हो पाते हैं.

## अमन सिंह हत्याकांड : नामजद आरोपी विकास बजरंगी का अल्ट्रासाउंड

# बजरंगी की गॉल ब्लॉडर में पत्थर, अभी अस्पताल में ही रहना पड़ेगा

संवाददाता । धनबाद

धनबाद जेल में बंद यूपी के शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या करने के नामजद अभियुक्तों में से विकास बजरंगी को दूसरे दिन भी अस्पताल में रखा गया है. पुलिस ने विकास समेत दो अन्य नामजद अभियुक्त सतीष उर्फ गांधी और रितेश को तीन दिनों की रिमांड पर लिया था. रिमांड पर लाने के बाद दूसरे दिन ही बजरंगी की तबीयत खराब हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था. फिलहाल पुलिस सुरक्षा में बजरंगी का इलाज चल रहा है.



### हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली थी

बताते चलें कि इस वारदात में रितेश ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली थी. वारदात में अपनी भूमिका कबूल करने के बाद उसने बजरंगी और गांधी के बारे में बताया था कि वारदात में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध कराने और छिपाने की बात कही थी. इस कारण पुलिस ने तीनों आरोपियों को रिमांड पर लिया था, ताकि तीनों को एकसाथ बिठाकर पूछताछ की जा सके. लेकिन दो दिनों से बजरंगी अस्पताल में भर्ती है. जबकिअन्य दोनों से पूछताछ चल रही है. पुलिस इन तीनों से पिस्टल के बारे में जानना चाह रही है.

## जनसुनवाई से जन ही रहे नदारद

# पहले सुविधा बहाल हो, फिर बढ़े टैरिफ

संवाददाता । धनबाद

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई शुक्रवार को टाउन हॉल में हुई. इस जनसुनवाई से आम जन ही नदारद रहे. जनसुनवाई में आयोग के चेयरपर्सन अमिताभ कुमार गुप्ता, सदस्य टेक्निकल अतुल कुमार, सदस्य विधि महेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में लोगों ने अपनी राय रखी. जनसुनवाई में विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा, अधीक्षक अभियंता एस के कश्यप के साथ सभी कार्यपालक अभियंता मौजूद थे.

जिसमें बिजली दर की बढ़ोतरी पर चर्चा की गई है. आजसू नेता संतोष कुशवाहा एवं रतिलाल महतो ने प्रस्तावित बिजली दर बढ़ोतरी पर कहा कि दर बढ़ाने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा. जीटा के महासचिव राजीव शर्मा ने कहा कि बिजली दर बढ़ोतरी से पहले उपभोक्ताओं को सुविधा दी जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि सुविधा की कमी के कारण औद्योगिक कनेक्शन कटते जा रहे हैं.

शर्मा ने कहा कि झारखंड में जितने भी पावर प्लांट हैं. उनसे उत्पन्न होने वाली बिजली का 25 फीसदी झारखंड में लोगों को मिलना चाहिए. ऐसा करने से बिजली दर बढ़ाने की बजाए घटाने की जरूरत पड़ जाएगी. वहीं रेणुका इस्पात के विवेक लोधा ने कहा कि बिभाग द्वारा खराब आपूर्ति के कारण जेबीवीएनएल के बड़े उपभोक्ता घटते जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि चार साल पहले जहा 100 बड़े उपभोक्ता थे, वही घटकर मात्र चार रह गए हैं. यदि विभाग सुधार नहीं लाया तो वो भी कटवा लेंगे. शिव चरण शर्मा ने आयोग के समक्ष विभाग के अधिकारियों पर शोषण एवं दोहन का आरोप लगाया. शर्मा ने कहा कि विभाग के अधिकारी अनेकानेक हथकंडों से उपभोक्ताओं का शोषण करते हैं. कभी लाइन काट कर बिजली चोरी का केस कर तो कही लोड सर्वे के नाम पर जुर्माना लगा कर शोषण एवं दोहन करते है. शिव प्रसाद साव ने कहा कि उनके घर की बिजली 10 वर्षों से कटी हुई है. कई बार आवेदन दिया, अधिकारियों के चक्कर काटे पर लाइन नहीं जुड़ा है.



### 2690 दिन में नहीं हुआ समस्या का समाधान

डिगवाडीह निवासी विनय कुमार वर्मा ने कहा कि उनकी समस्या को 2690 दिन हो गए पर अब तक समाधान नहीं किया गया है. मीटर को बदल कर एवरेज बिल से मुक्ति पाने के लिए विभाग को 40 आवेदन दे चुके हैं. इसके साथ ही 400 बार अधिकारियों से मिल चुके हैं. इसके अलावा झरिया की गीता देवी, ज्ञान प्रकाश, कैलाश चंद्र गोयल, रियासत हुसैन आदि लोगों ने आयोग के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए बिजली दर बढ़ाने का विरोध किया.

कतरास में युवा कांग्रेस की बैठक



# कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करने की चर्चा

संवाददाता । कतरास

कांग्रेस कतरास प्रधान कार्यालय शुक्रवार को युवा कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता बाघमारा विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल महतो व संचालन कतरास नगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विकास सिंह ने किया.बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के धनबाद जिलाध्यक्ष कुमार गौरव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बाघमारा विधानसभा युवा कांग्रेस के प्रभारी सोनू यादव उपस्थित थे. इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए युवा कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करने की चर्चा की गई. साथ ही युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को आम जनता के बीच में जाकर पार्टी को मजबूत करने का निर्देश दिया गया.

**पार्टी को मजबूत करने का आग्रह :** बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा की युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार यूथ जोड़ो,बूथ जोड़ो अभियान के तहत एक बूथ दस यूथ अभियान को पूरे मजबूती से बनाने का निर्देश दिया. साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारियों को एकसाथ मिलकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने का आग्रह किया.मौके पर बाघमारा विधानसभा युवा कांग्रेस के प्रभारी सोनू यादव तथा जिला महासचिव विक्की कुमार ने कहा की कांग्रेस पार्टी का देश की सबसे पुरानी पार्टी हैं तथा पार्टी का देश के आजादी से देश के विकास तक में काफी महत्वपूर्ण योगदान हैं. मौके पर युवा कांग्रेस के जिला सचिव नीरज साव,विधानसभा महासचिव विकास सिंह,सचिव लखींद्र महतो,प्रखंड अध्यक्ष शंकर महतो,कार्यकारी अध्यक्ष अजय महतो,कतरास नगर अध्यक्ष विकास सिंह, पिंकू पांडे,उपाध्यक्ष कृष्णा राम,प्रवक्ता योगेंद्र महतो,राजू तूरी,कमलेश पांडे,कारू भुइया, करण भुइया,लालबहादुर पासवान आदि लोग उपस्थित थे.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- सामान्य ज्ञानगुप्त वंश का अंतिम शासक कौन था – **विष्णुगुप्त**
- ऋग्वेद के देवताओं में तूफान के देवता का क्या नाम है – **मारुत**
- झारखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु किस वर्ष शुरू की गई – 2001
- कोरोनावायरस से भारत में पहली मौत कहां हुई थी – **कर्नाटक**
- किन चट्टानों को धात्विक खनिज का भंडार कहा जाता है – **धारवाड़ युगीन**
- मिशन वात्सल्य किस राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है – **महाराष्ट्र**
- पीतल का निर्माण किससे किया जाता है – **तांबा और जिंक**
- इंटरनेट का प्रयोग पहली बार कहां हुआ था – **यूएस रक्षा अनुसंधान**
- झारखंड में सबसे अधिक पुरुष साक्षरता वाला जिला – **धनबाद**
- किस क्रिकेट खिलाड़ी का उपनाम सुपर कैट है – **क्लाइव लॉयड**

# अधिवक्ताओं की सुरक्षा भगवान भरोसे

**न्याय तक पहुंचने की सीढ़ी हमारे अधिवक्ता हैं. समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाते हैं लेकिन सरकार की इनके प्रति भी कुछ जिम्मेदारियां हैं. इनमें जिम्मेवारियों में सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, खुद अधिवक्ता वर्ग अपनी सुरक्षा को लेकर कई बार आवाज बुलंद कर चुके हैं, लेकिन इनको अब तक घोषणाओं और वादों के अलावा कुछ नहीं मिला. जबकि धनबाद में तो जेल जैसी जगह भी सुरक्षित नहीं रही. ऐसे में एक बार फिर धनबाद के अधिवक्ता शुभम संदेश के साथ अपनी आवाज को बुलंद कर रहे हैं.....**

### कोर्ट परिसर में सुरक्षा का इंतजाम किया जाए



पूर्व महासचिव सह वरीय अधिवक्ता देवी शरण सिन्हा ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा भगवान भरोसे है. अभी असुरक्षा का वातावरण है, ऐसे में अधिवक्ताओं की असुरक्षा भी प्रासंगिक है. उन्होंने कहा कि पूरे कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए. इसके साथ ही अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू होने चाहिए. तभी अधिवक्ता सुरक्षित महसूस करेंगे.

### आधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो



अधिवक्ता विकास कुमार पाठक ने कहा कि गुंडों के खिलाफ मुकदमा लड़ने के कारण कई जगहों पर गुंडों द्वारा अधिवक्ताओं की पिटाई कर दी जाती है. ऐसे में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू होना अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कभी कोई कदम नहीं उठाया गया है. इसकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की जरुरत है.

### राज्य सरकार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए



अधिवक्ता मुकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार को पूरे कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए. जब जेल के भीतर हत्या हो जा रही है तो अपराधियों के विरुद्ध मुकदमा लड़ने वाले अधिवक्ता कैसे सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट के गेट पर सिपाही तैनात तो जरूर है पर उनके भरोसे सुरक्षित महसूस नहीं किया जा सकता है.

### मुवक्किल की भी सुरक्षा के इंतेजाम हो



अधिवक्ता हरिहर नाथ शर्मा ने कहा कि धनबाद कोर्ट परिसर पूरी तरह असुरक्षित है. परिसर में अधिवक्ताओं के साथ ही मुवक्किल की भी सुरक्षा के लिए कड़ाई से जांच हो. अदिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के लागू होने के साथ हीं कोर्ट परिसर में मेटल डिटेक्टर लिए पुलिस बल तैनात किए जाएं। सभी अधिवक्ताओं का पहचान पत्र अनिवार्य रूप से बनाया जाए.

### जेल में अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए



अधिवक्ता संतोष सिंह ने कहा कि सबसे पहले जेल की कुव्यवस्था को ठीक करना जरूरी है. अपराधी बेहतर जानते है कि सिस्टम कैसे चलाया जाता है. जेल में अमन सिंह की हत्या के बावजूद जेल में अवैध वसूली का खेल चल रहा है. अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम अविलंब लागू होना चाहिए .इससे सभी सुरक्षित महसूस करेंगे.

# आज एकेडमी ऑफ मेडिकल स्पेशियलिटी का वार्षिक सम्मेलन



संवाददाता । धनबाद

आईएमए की शाखा एकेडमी ऑफ मेडिकल स्पेशलिटी झारखंड का वार्षिक सम्मेलन शनिवार को धनबाद क्लब में होगा. कार्यक्रम में झारखंड समेत कई राज्यों से चिकित्सक शामिल होंगे. आईएमए एएमएस के चेयरमैन डॉ पंकज मुटनेजा बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त जानकारी धनबाद क्लब में शुक्रवार को प्रेस से बातचीत में आईएमए झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एके सिंह व अन्य ने दी. बताया कि कार्यक्रम में अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञ चिकित्सक व्याख्यान देंगे. इलाज की नई तकनीक से रू-ब-रू कराएंगे.

**इन विषयों पर होगी चर्चा :** कार्यक्रम में अर्काइवल-नॉट ऑब्सोलेट विषय पर डॉ. एमएम बंदोपाध्याय, सेक्सुअली एंड मेनोपॉज पर डॉ. अपूर्वा दत्ता, एप्रोच टू ए केस ऑफ वर्टिगो पर डॉ बीके पंकज, रेट्रोग्रेड इंट्रा रेनल सर्जरी पर डॉ. श्रवण कुमार, ब्रेन एंड स्पाइनल ट्यूमर पर डॉ. कुणाल किशोर, पेडियाट्रिक ओबेसिटी पर डॉ. नौशाद आलम, फेशियल रेनीमेशन सर्जरी पर डॉ. विवेक डोकानिया, सिटी कोरोनरी एंजियोग्राफी पर डॉ. सुमित अग्रवाल, बेसिक ऑफ कैंसर डायरेक्टेड थेरेपी पर डॉ. रमेश कुमार, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम पर डॉ बिपीन सिन्हा, रेफरल टू नेफ्रोलॉजी पर डॉ जीतेंद्र कुमार, टीएवीआर व टीएवीआई पर डॉ. डी धुआ, रीसेंट एडवांस इन कैटरैक्ट सर्जरी पर डॉ अमित कुमार दास, कॉमनली इंकाउंटर्ड स्पाइन एलीमेंटस पर डॉ अभिषेक रॉय विस्तृत जानकारी देंगे. मौके पर आईएम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह, सचिव डॉ पीके सिंह, आईएमए-एएमएस के झारखंड अध्यक्ष डॉ एके चक्रवर्ती, सचिव डॉ वीके पांडे, डॉ बीएन गुप्ता, डॉ बीके सिंह, डॉ बीके सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे.

## 21 से 30 दिसंबर तक एजुकेशन की आधा दर्जन परीक्षाएं

# बीबीएमकेयू में शुरू होगा परीक्षाओं का दौर

संवाददाता । धनबाद

विनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने एक साथ आधा दर्जन से अधिक परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है. जारी नोटिफिकेशन अनुसार दिसंबर माह में बीएससी नर्सिंग के फर्स्ट और सेकंड इयर के सेम टू और फोर, एमएड सेम टू और फोर, एमए इन एजुकेशन के सेम टू और फोर के अलावा बीएड सेमेस्टर टू और फोर की परीक्षा 21 से 30 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएगी.

**21 और 23 को बीएससी नर्सिंग की परीक्षा :** बीएससी नर्सिंग फर्स्ट इयर सेमेस्टर-2 सत्र 2022-26 और सेकंड इयर सेमेस्टर-4 सत्र 2021-25 की परीक्षा 21 और 23 दिसंबर को दूसरी पाली में दोपहर 2 से 5 तक आयोजित की जाएगी. परीक्षा के लिए धनबाद स्कूल आफ नर्सिंग का सेंटर एसएसएलएनटी महिला कॉलेज जबकि एजी कॉलेज आफ नर्सिंग बोकारो का सेंटर बीएस सिटी कॉलेज बोकारो में बनाया गया है.

**23 से 30 दिसंबर तक एमएड की परीक्षा :** एमएड सेमेस्टर-2 सत्र 2022-24 की परीक्षा 23, 26, 28 और 30 दिसंबर को आयोजित की जाएगी. इसके लिए राजीव गांधी मेमोरियल टीचर ट्रेनिंग कॉलेज डिगावाडीह और अल इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज गोविंदपुर का परीक्षा केंद्र एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में बनाया गया है. वहीं एमएड सेमेस्टर-4 सत्र 2021-23 के लिए इन्हीं दोनों कॉलेज का परीक्षा केंद्र गुरुनानक कॉलेज में बनाया गया है. सेमेस्टर-4 की परीक्षाएं 23, 26 और 28 दिसंबर को आयोजित की जाएगी.



### एमए इन एजुकेशन की परीक्षाएं 26 दिसंबर से

एमए इन एजुकेशन सेमेस्टर–2 सत्र 2022–24 की परीक्षाएं 26, 28 और 30 दिसंबर को आयोजित की जाएंगी. वहीं एमए इन एजुकेशन सेमेस्टर–4 सत्र 2021–23 की परीक्षाएं 26 और 28 दिसंबर को आयोजित की जाएंगी. दोनों सेमेस्टर के लिए पीजी डिपार्टमेंट बीबीएमकेयू का परीक्षा केंद्र पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज को बनाया गया है. दोनों सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं संबंधित विभाग में 3 से 7 जनवरी तक आयोजित होगी.

### बीएड सेमेस्टर-2 और 4 के लिए सेंटर लिस्ट जारी

बीबीएमकेयू के परीक्षा विभाग ने बीएड सेमेस्टर–2 सत्र 2022–24 और बीएड सेमेस्टर–4 सत्र 2021–23 की परीक्षाओं के लिए सेंटर लिस्ट जारी कर दिया है. बीएड के कुल 26 कॉलेज के लिए पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. इनमें चास कॉलेज चास में छह, बीएस सिटी कॉलेज बोकारो में पांच, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में छह, गुरु नानक कॉलेज धनबाद में पांच और आरएसपी कॉलेज झरिया बेलगड़िया में चार बीएड कॉलेजों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है.

## ठंड का कहर सुबह और शाम को कनकनी कर रही परेशान, 18 दिसंबर को छाएंगे आंशिक बादल

# धनबाद : पारा 9 डिग्री पर पहुंचा, और बढ़ेगी ठंड

संवाददाता । धनबाद

15 दिसंबर को धनबाद जिले का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं दिन का अधिकतम तापमान भी गिरकर 25 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है. न्यूनतम और अधिकतम तापमान में आई कमी की वजह से सुबह और शाम के साथ दोपहर में भी ठंड महसूस हो रही है, दोपहर में खिल रही धूप थोड़ी राहत दे रही है. लेकिन दोपहर के समय भी छांव में बैठने पर ठंड महसूस हो रही है. मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले चार दिनों तक तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. लेकिन इसके बाद अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है.



### 18 को छाएंगे आंशिक बादल

मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि 18 दिसंबर से राज्य में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे. लेकिन मौसम शुष्क रहेगा, बारिश की संभावना नहीं है, वहीं 16 और 17 दिसंबर को सुबह में कोहरा व धुंध रहने की संभावना है. इसके बाद आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा.

### कनकनी कर रही परेशान

सुबह और शाम को कनकनी परेशान कर रही है, शाम होते ही सड़कों पर चहल–पहल कम हो जा रही है. लोग घरों में दुबक जा रहे हैं. शहर के चौक–चौराहों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास करते हुए देखे जा सकते हैं. राहगीर और फुटपाथ पर रात गुजारने वाले अब भी सरकारी अलाव जलने के इंतजार कर रहे हैं.

# सिविल सर्जन ने नियोनेटल एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

संवाददाता । धनबाद

सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने सिविल सर्जन कार्यालय से नियोनेटल एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर राज्य सरकार ने धनबाद सदर अस्पताल को एक नियोनेटल एम्बुलेंस प्रदान किया है. यह शिशु फ्रेंडली है. इसमें ऑक्सीजन समेत रेडियंट वार्मर, सक्शन मशीन, बैग मास्क, नवजात को रखने के लिए बेबी वार्मर समेत कई उपकरण मौजूद हैं. इसमें नवजात को रखकर उसे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाया जा सकता है. उन्होंने बताया कि राज्य में शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर यह निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा शुक्रवार से जिले में शुरू की गई है. इस विशेष एम्बुलेंस से 1 माह तक के बच्चों को इलाज के लिए हायर मेडिकल सेंटर तक बिना देर किये ले जाया जा सकेगा. जिससे जिले के शिशुओं को जल्द और अच्छा इलाज मिल सकेगा.

## ब्रीफ खबरें

### अवैध खनन रोकने के लिए पुलिस को ज्ञापन

**कतरास।** रामकनाली ओपी इलाके में चल रहे अवैध कोयला खनन व डीपो को बंद कराने की मांग को लेकर झीझीपहाडी पंचायत समिति सदस्य ने ओपी पुलिस को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा. पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि पंचायत अंतर्गत विभिन्न इलाकों में अवैध खनन तथा डिपो का संचालन किया जा रहा है. अवैध खनन से इलाके के लोग भयभीत हैं जिसको लेकर आज ग्रामीणों के साथ पुलिस को ज्ञापन सौंपकर अभिलंब कार्रवाई की मांग की है.

### श्रमिक समस्याओं के निष्पादन की मांग

**बाघमारा।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के पदाधिकारियों की शुक्रवार के दिन मधुबन वाशरी के श्रमिकों की समस्याओं के निष्पादन की मांग को लेकर वाशरी प्रबंधन के साथ वार्ता हुई. इस मौके पर यूनियन द्वारा रखे गए 17 सूत्री मांगों को निर्धारित अवधि में पूरा करने का आश्वासन वाशरी प्रबंधन ने दिया. वार्ता करीब 3 घंटे तक चली. वाशरी प्रबंधन द्वारा यूनियन के प्रतिनिधियों को शुक्रवार के दिन वार्ता के लिए वाशरी के पीओ कार्यालय में आमंत्रित किया गया था.

### उपप्राचार्य वीपी सिंह का निधन, शोक

**सिंदरी।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज सिंदरी के उप प्राचार्य विद्या प्रकाश सिंह का शुक्रवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया. परिजनों के अनुसार, वीपी सिंह सुबह में एफसीआई सिंदरी स्थित अपने आवास में शौच से लौटने के क्रम में अचानक बेहोश होकर गिर पड़े. उन्हें आनन-फानन में एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. वीपी सिंह अपने पीछे पत्नी मीना सिंह, दो पुत्रों सुमित सिंह और अमित सिंह सहित भरापूरा परिवार हैं.

### पलारपुर में आपकी योजना आपकी सरकार

**निरसा।** निरसा प्रखंड पलारपुर पंचायत सचिवालय परिसर मे आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई. शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया गया. शिविर का शुभारंभ नोडल प्रभारी स्नेहा कश्यप वीडियो में लाल अहोदार, मुखिया अपर्णा देवी व झामुमो नेता तपन तिवारी ने दीप प्रवजलित कर किया गया.

### काली पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण

**निरसा।** निरसा के विभिन्न क्षेत्रों में काली पूजा का आयोजन बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ. जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा माता की विधिवत पूजा अर्चना की गयी. पूजा के मौके पर गुरुवार रात्रि निरसा के बीरसिंगपुर बाउरी टोला में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया. आयोजन समिति द्वारा पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, लालू ओझा, कांग्रेस निरसा विधानसभा प्रभारी वकील बाउरी, काजल बाउरी व तरपदो बाउरी को अंगवस्त्र ओर पुष्प माला देकर स्वागत किया गया.

### कोलियरी परिसर में झामुमो की सभा

**निरसा।** इसीएल मुगमा क्षेत्र के गोपीनाथपुर कोलियरी के ओसीपी परिसर में शुक्रवार 15 दिसम्बर को झामुमो की सभा हुई. इसकी अध्यक्षता कलियासोल प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विजय सोरेन उर्फ ठाकुर मांझी ने की तथा इसका संचालन राजू झा ने किया. सभा में आंध्र प्रदेश की कम्पनी गोपीनाथपुर कोलियरी को पुनः चलाने में झारखंड सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देकर नियोजन दिया देने की मांग की गयी.

### प्रत्याशियों ने किया प्रचार, 20 को वोटिंग

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ चुनाव की वोटिंग 20 दिसंबर को होनी है. जैसे-जैसे वोटिंग की तिथि सामने आ रही है वैसे-वैसे शिक्षक चुनावी रंग में रंगते जा रहे हैं. चुनाव प्रचार का दौर तेज होता जा रहा है. इसी कड़ी में प्रत्याशियों ने बीते तीन दिनों से विश्वविद्यालय और आरएस पी कॉलेज झरिया व अन्य कॉलेजों के दौरा किया. प्रत्याशियों ने शिक्षकों की समस्याओं को जाना और उसे दूर करने का आश्वासन दिया.

▼ ब्रीफ खबरें

### क्षेत्र की समस्या के लिए हमेशा तत्पर : दीपक

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड के अतकी पंचायत अंतर्गत पेंड्राबांध गांव में शुक्रवार को भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव ने 100 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर का लोकार्पण फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया. उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि वे क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं. बताया जाता है कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पेंड्राबांध में एक सप्ताह पूर्व 63 केवीए का लगा ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसकी सूचना क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा भाजपा नेता को दी.

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत

**कसमार (बोकारो)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार के समाज कल्याण एवं झारखंड सरकार के समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गापुर पंचायत के डुंडाडीह में किया गया. इस कार्यक्रम में कसमार के प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार एवं ग्राम पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार महतो ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर की. इस अवसर पर उप मुखिया पंचानन महतो, विनीता देवी आदि उपस्थित थी.

### 20 दिसंबर को गेट जाम करने का निर्णय

**बोकारो।** चास प्रखंड के चैनपुर में भारत पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आगामी 20 दिसंबर को राधानगर पंचायत के भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड डीपो का गेट जाम किया जायेगा. इसको लेकर शुक्रवार को बैठक की गयी. यूनियन के महामंत्री दीप नारायण ठाकुर ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों तथा मजदूरों को हक अधिकार दिलाने के यह लड़ाई लड़ी जायेगी. यहां के ग्रामीणों को प्लांट से रोजगार सहित अन्य तरह की सुविधाएं बढ़ोतरी की आशा थी, लेकिन कुछ नहीं मिला.

### एक साथ कार्यक्रम होने से विरोध शुरू

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड में एक साथ 18 दिसंबर को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम कराने का मामला तूल पकड़ने लगा है. गर्री में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर ग्रामीण पूरे गुस्से में है. कसमार बीडीओ को शिकायत के बाद अब स्थानीय स्तर से बैठक करके कार्यक्रम का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है. शुक्रवार को कसमार में स्थानीय लोगों ने बैठक करते हुए गर्री पंचायत में अलग से आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही.

### मुखियाओं को दिए जाने वाला प्रशिक्षण संपन्न

**बेरमो।** पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार की ओर से ससबेड़ा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में मुखियाओं के ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जिसका समापन शुक्रवार को किया गया. प्रशिक्षण के दूसरे एवं समापन दिवस पर बेरमो प्रखंड और गोमिया प्रखंड के मुखियागण प्रशिक्षण के लिए शामिल हुए.

### स्कूल और हॉस्पीटल को दुरूस्त करे सरकार

**गिरिडीह।** आम आदमी पार्टी (आप) की एक बैठक शुक्रवार को पचम्बा में सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता मो. कबीर ने की. बैठक को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी स्कूल हॉस्पीटल की राजनीति करती है. उन्होंने नौजवानों से आह्वान करते हुए कहा कि व्यवस्था बदलाव के लिए आम आदमी पार्टी में आयें. उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 2 में मो जहांगीर मिर्जा और वार्ड नंबर 4 में मो तस्लीम को जिम्मेदारी दी गई है.

### सिलाई प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

**गावां (गिरिडीह)।** आराएमआई के वित्तीय सहयोग से सामाजिक परिवर्तन संस्थान के शीशम-2 परियोजना द्वारा संचालित प्रखंड के बादीडीह पंचायत भवन में व्यवसायिक सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया. मौके पर उद्घाटन करते मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि इस प्रशिक्षण में बादीडीह, पंडरिया, खिरोडीह, आरागारो, भेलवा और दोनोसोत गांव के लोग लाभान्वित होंगे. मौके पर वीरेंद्र रजक, विनय, राजीव, शंकर, कंचन, बेबी आदि शामिल थे.



27वें युवा महोत्सव झूमर-23 का दूसरा दिन

## शास्त्रीय गायन, रंगोली स्किट की हुई प्रतियोगिता

**संवाददात। धनवार (गिरिडीह)**

**खास बातें**
- शास्त्रीय गायन में प्रतिभागियों ने दर्शकों का मन मोहा
- क्विज, डिबेट व एलोकेशन में प्रतिभागियों ने लोहा मनवाया

आदर्श कॉलेज राजधनवार में विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय 27वां युवा महोत्सव झूमर 23 के दूसरे दिन शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत एकल गायन, समूह गायन, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, रंगोली, इंस्टालेशन, क्विज, डिबेट , एलोकेशन, स्किट, माइम और मिमिक्री विधा की प्रतिस्पर्धा हुई. इस महोत्सव में आदर्श कॉलेज राजधनवार, केबी महिला महाविद्यालय हजारीबाग, पीजी वीबीयू, संत कोलंबा कॉलेज हजारीबाग, चतरा कॉलेज चतरा, रामगढ़ कॉलेज रामगढ़, गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह, आरके महिला कॉलेज गिरिडीह, मार्खम कॉलेज, वनांचल कॉलेज टंडवा, घाघरा कॉलेज बगोदर, ग्रिजली बीएड कॉलेज, सरिया कॉलेज, मॉडल कॉलेज चतरा, यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज भाग ले रहें हैं. मास्को से आए पुरुषोत्तम पीटर जो वैदिक संगीत पर शोध कर रहे हैं उनके द्वारा गुरु स्तुति की गई जिसे दर्शकों ने खूब सराहा. शास्त्रीय गायन में प्रतिभागियों ने राग, ताल और लय से दर्शकों का मन मोहा. सुगम संगीत एवम समूह गायन में प्रतिभागियों ने दर्शकों को खूब झूमाया. क्विज, डिबेट और एलोकेशन में प्रतिभागियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का लोहा मनवाया. क्ले मॉडलिंग, रंगोली, मेहंदी, इंस्टालेशन में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक क्षमता को प्रदर्शित किया. प्राचार्य प्रो डॉ विमल कुमार मिश्र ने कहा कि दूसरे दिन जिन विधा की प्रतिस्पर्धा हुई प्रतिभागियों ने अपना बेस्ट देने का प्रयास किया. प्राचार्य ने कहा कि महोत्सव में प्रतिभागियों के बीच कला, संस्कृति का आदान-प्रदान हो रहा है. उनमें अपनी देश तथा समाज के प्रति सद्भावना तथा सौहार्द की चेतना का विस्तार हो रहा है.

आओ जानें

### समुद्र के बारे में जानकारी

- समुद्र पृथ्वी की सतह के 70% से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है.
- सबसे गहरा बिंदु मारियाना ट्रेंच में स्थित है, जो लगभग 36,070 फीट गहरा है.
- पृथ्वी की जैव विविधता के 80% से अधिक हिस्सा समुद्र में ही रहता है.
- ऑस्ट्रेलिया के तट पर स्थित ग्रेट बैरियर रीफ पृथ्वी पर सबसे बड़ी जीवित संरचना है.
- समुद्र वायुमंडल में आधे से अधिक ऑक्सीजन के उत्पादन के लिए जिम्मेदार है.
- समुद्र पृथ्वी पर सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र है.
- पृथ्वी की जलवायु और मौसम के पैटर्न को विनियमित करने में समुद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

बोकारो कोलियरी में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

## उत्पादन के साथ सुरक्षा का रखें विशेष ख्याल : जीएम



- डीडीएमएस ने कहा कि सुरक्षा के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करें

**संवाददाता। बेरमो**

बीएंडके क्षेत्र के बोकारो कोलियरी में शुक्रवार को वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कोल इंडिया के कॉरपोरेट गीत एवं झंडोत्तोलन के साथ किया गया. इस मौके पर बीएंडके क्षेत्र के जीएम के रामाकृष्णा, डीडीएमएस विघुत प्रवीण कुमार, आईएसओ सुनील कुमार कन्वेयर ए के तिवारी की टीम सहित अधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित थे. डीडीएमएस प्रवीण कुमार ने कहा कि सुरक्षा के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करें. सुरक्षा को लेकर कर्मी के कॉलोनी में जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें तथा उनके परिवार को सुरक्षा संबंधी जानकारी दें. उन्हें यह बताएं कि उनकी जरा सी भूल, उनकी और उनके परिवार का भविष्य नष्ट कर सकता है. कहा कि सुरक्षा सप्ताह को अपना पर्व समझें, सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम हम लोगों को पूरे साल तक सुरक्षा के साथ काम करने की ऊर्जा देती है. जीएम के रामाकृष्णा ने कहा कि उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा का विशेष ख्याल रखें. कहा कि एरिया में वार्षिक सुरक्षा सप्ताह का भव्य आयोजन हो रहा है.

एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुमार सौरभ सिंह, गोविंदपुर परियोजना से पहुंचे पीओ सह कन्वेयर ए के तिवारी और आई एसओ सुनील कुमार ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है. एक कर्मी पर पूरे परिवार का भविष्य जुड़ा रहता है. इसलिए वे काम के दौरान सुरक्षा का पूरा ख्याल रखें. तभी हम उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं. इस दौरान सुरक्षा के साथ उत्पादन करने को लेकर सभी कर्मियों को शपथ दिलाई गई. मौके पर बेहतर काम करने पर कर्मियों को पुरस्कृत किया गया.

**सुरक्षा से संबंधित गीत प्रस्तुत किए**

इस दौरान ओवरमैन सुनील कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने सुरक्षा से संबंधित गीत प्रस्तुत किए. इसमें दारू पी के डंपर न चलइहा हो मोर ड्राइवर सजनवा..., टोपी, जूता, जैकेट पहिन उत्पादन करिह हो मोर ड्राइवर सजनवा... गीत पर सभी श्रमिक झूम उठे. वरीय मैनेजर बीपी साहू ने सभी आगन्तुको को का स्वागत बुके देकर. कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबंधक आरपी यादव ने किया. इस अवसर पर एसओ ईएंडएम जी मोहंती, सीनियर मैनेजर एलबी सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर विवेक कुमार और रणवीर कुमार इंजीनियर पुष्पराज सहित इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, यूनियन नेता आफताब आलम खान, सुशील सिंह, मनोज पासवान, किशोरी शर्मा ,लव कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## दो वर्षों से खराब पड़ी है जलमीनार विभाग है बेखबर : जिप सदस्य

**संवाददता। गावां (गिरिडीह)**



गावां प्रखंड के मंझने पंचायत अंतर्गत मुसहरी टोला में पिछले दो तीन वर्षों से जलमीनार व चापाकल खराब पड़े हैं. जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार विभाग को किया है. लेकिन विभाग बेखबर बना हुआ है. जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा फोन के माध्यम से जानकारी मिला कि मंझने पंचायत के मुसहरी गांव में दो तीन वर्षों से जलमीनार खराब है. जिसके बाद स्थल पर पहुंचे तो देखने को मिला कि जलमीनार खराब पड़ा है, वहीं बगल में लगे चापाकल भी खराब है. जिसमें ग्रामीणों द्वारा जानवर बांधने का उपयोग किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि गावां प्रखंड में लगभग 20-25 जलमीनार खराब पड़ा है. लेकिन विभाग बेखबर है. साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो जलमीनार लगाया जा रहा है, वह भी सही तरीके से नहीं लगाया गया है. कई जगहों पर अभी से ही लीकेज होने की सूचना मिल रहे हैं. विभाग से मांग करते हैं कि जल्द दुरुस्त किया जाए, अन्यथा बाध्य होकर आंदोलन किया जाएगा. पीएचईडी एई मनोहर लाल ने बताया कि यह मुखिया के अंदर है. मुखिया खुद बनाएगा पीएचईडी के अंदर नहीं आता है.

### सीओ ने की बैठक में बीएलओ को दिए निर्देश

**गावां (गिरिडीह)।** प्रखंड सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ अविनाश रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी बीएलओ पर्यवेक्षक व बीएलओ की बैठक हुई. बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने एसएसआर 2024 के तहत बीएलओ कार्यों की समीक्षा की. तत्पश्चात उपस्थित बीएलओ को पीएसई व डीएसई का प्रशिक्षण में सीओ अविनाश रंजन ने बताया कि किसी एक मतदाता का दो बूथों में नाम है, ऐसे मतदाता डीएसई की श्रेणी व एक ही मतदाता का फोटो दो स्थानों में है वे पीएसई की श्रेणी में आएंगे. इस तरह के मतदाता का नाम हटाना सुनिश्चित करना है. मौके पर ऐसे मतदाता की सूची व प्रपत्र उपलब्ध कराई गई. ऐसे मतदाता को सूचित करते हुए प्रपत्र भरकर सुधार करना है.

## इलाज के दौरान महिला की मौत

परिजनों ने अस्पताल में किया जमकर हंगामा

**संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह शहर के नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित विश्वनाथ नर्सिंग होम में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी. जिसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया. मृतका की पहचान अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बांकी गांव निवासी किटिया देवी (पति-सुभाष पासी) के रूप में की गई. घटना को लेकर मृतका के परिजनों ने बताया कि किटिया देवी को शनिवार को परिजनों ने विश्वनाथ नर्सिंग में पथरी के ऑपरेशन कराने के लिए भर्ती कराया था. जहां महिला को ऑपरेशन कराने के बाद छुट्टी दे दिया गया. वहीं घर जाने के बाद पीड़िता को दर्द उठ गया. जिसके बाद उसे सोमवार को फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने पीड़िता के परिजनों को बताया कि मरीज को डेंगू है, इसके बाद महिला को ब्लड चढ़ाया गया और फिर शुक्रवार की सुबह मरीज की मौत हो गयी. वहीं इस घटना के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मरीज का इलाज डॉक्टर की बजाय कम्पाउंडर ने किया जिसके कारण मरीज की मौत हो गयी. इधर, परिजनों का आरोप है कि महिला की मौत हो जाने के बाद अस्पताल प्रबंधक ने शव ले जाने के पहले बकाया 11 हजार रुपये फीस जमा करने को कहा तब ही शव को ले जाने दिया जाएगा. जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया. इधर, नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई.

### सभी पंचायतों में भेजा गया अयोध्या श्रीराम मंदिर से आया पूजित अक्षत

**गावां (गिरिडीह)।** अयोध्या के श्री राम जन्म भूमि से पूजित अक्षत गावां हनुमान मंदिर में रखा गया था. जिसकी पूजा शुक्रवार कर शुक्रवार से गावां प्रखंड के सभी घरों तक पहुंचाये जाने की योजना बनाई गई. इस अक्षत से लोग स्थानीय मंदिरों में पूजा करेंगे. साथ ही लोगों से 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद लोगों से दीपावली मनाने का आह्वान किया जाएगा. विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष भगवान दास बर्णवाल के द्वारा अक्षत कलश ग्रहण किया गया था, जो गावां हनुमान मंदिर में रखा गया था. इसे सभी घरों तक पहुंचाया जाएगा. 22 जनवरी को हिंदू समाज के लोग स्थानीय मंदिरों में ही पूजा-अर्चना करेंगे. जिस तरह श्री राम 14 वर्षों के वनवास से लौटे थे तब दीपावली मनायी गयी थी, उसी तरह 500 वर्षों के इंतजार के बाद राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है. इस दिन सभी को अपने घरों में पांच-पांच दीपक जलाकर दीपावली मनाने का आह्वान किया गया है.

## संकल्प यात्रा के तहत चपुआ डीह पंचायत में लगा शिविर



**संवाददता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को बेंगाबाद प्रखंड के चपुआडीह पंचायत में शिविर लगाया गया. शिविर में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए और आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से इन योजनाओं से संबंधित पूरी जानकारी लोगों को दी गई. मौके पर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया. बताया गया कि शिविर में उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य संबंधी योजना, पीएम आवास योजना, किसानों के लिए चलाए गए विभिन्न योजनाओं समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई. शिविर में इन योजनाओं से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किया जाता है ताकि वंचित लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके.

बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, इसी उद्देश्य के साथ जागरूकता फैलाई जा रही है. मौके पंचायत के मुखिया मो शमीम समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### पंचांग पूजन के साथ विवाहोत्सव का दूसरा दिवस शुरू

**जमुआ (गिरिडीह)।** पांच दिवसीय श्री रामजानकी विवाहोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को ब्यास पूजन, पंचांग पूजन और कलश पूजन के साथ रामचरित मानस का संगीतमय परायण शुरू किया गया. रात्रि में समीर कृष्ण शास्त्री एवं उनकी संगीत मंडली द्वारा मानस का संगीतमय कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त कथा वाचिका शांति श्रेया जी श्रद्धालुओं को संबोधित किया. वहीं, आयोजन के संचालन के लिए बनी कमेटी सुधीर द्विवेदी, प्रभात गुप्ता, बजरंग लाल, अवध द्विवेदी, अजीत दुबे, बलबीर गुप्ता, मणिकांत द्विवेदी, राहुल राम, उदय द्विवेदी, संत शरण, सुबोध गुप्ता, सुबोध तिवारी,संजीव गुप्ता, गुलाब मण्डल, मुकेश गुप्ता, रूपेश गुप्ता, नीलकांत प्रसाद वितरण, आनंद गुप्ता,उमेश गुप्ता, हर्षित गुप्ता, रामेश्वर मण्डल दिलीप राम, पंडित बरुन द्विवेदी, शंभु गुप्ता पूजा, संजय गुप्ता, गोपाल राम, राजकपूर राम, विजय राम, भोलानाथ, प्रेमप्रकाश आदि शामिल हैं.

आपकी योजना आपकी कर्यक्रम के तहत गोलगो में शिविर का आयोजन

## 20 समूह के बीच 54.50 लाख बांटे

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

**खास बातें**
- अबुआ आवास का 800 से अधिक आवेदन है
- शिविर लगाकर सिर्फ राज्य सरकार प्रचार कर रही है

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बेंगाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती झारखंड-बिहार की सीमा पर स्थित गोलगो पंचायत में शिविर का आयोजन हुआ. शिविर में जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी शामिल हुई. शिविर में जेएसएलपीएस के माध्यम से 20 समूह के बीच 54 लाख 50 हजार का चेक वितरण किया गया. शिविर में काफी संख्या में पंचायत के ग्रामीण पहुंचे और अपना आवेदन जमा किया. बताया गया कि शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबोधित एक हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिनमें अबुआ आवास का 800 से अधिक आवेदन है. शिविर में बीडीओ निशा कुमारी, सीओ राजेश डुंगडुंग, बीपीओ सतीश कुमार, मुखिया अनिता देवी, भाजपा नेता रंजीत मरांडी, झामुमो नेता नुनुराम किस्कू सहित अन्य पदाधिकारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. इधर, शिविर को लेकर भाजपा नेता रंजीत मरांडी ने असंतोष जताते हुए कहा कि शिविर से ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल रहा है.

शिविर लगाकर सिर्फ राज्य सरकार अपना प्रचार कर रही है. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी राज्य सरकार द्वारा शिविर लगाकर आवेदन लिया गया था. मगर एक साल बीत जाने के बाद भी उन आवेदनों का निष्पादन नहीं हुआ है. शिविर में सिर्फ सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है. इससे आम जनता लाभांवित नहीं हो रहे हैं.

### मधगोपाली पंचायत में शिविर का हुआ आयोजन

**डुमरी (गिरिडीह)।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का शिविर शुक्रवार को मधगोपाली पंचायत में किया गया. जिसमें बीडीओ डुमरी अन्वेषा ओना, जिप सदस्य सुनीता कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू महतो, पंचायत के मुखिया जागेश्वर महतो, पंसस सत्यनारायण महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष राकेश महतो व आजसू नेता मोहन महतो आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया. शिविर में अबुआ आवास योजना के लिए अधिक आवेदन मिले. शिविर में उपस्थित अतिथियों ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप, भू-राजस्व से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, पशुधन योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की.

रैली | 18 दिसंबर को धनवार में माले की महारैली की तैयारी को लेकर हुई बैठक

## हाई स्कूल मैदान से निकलेगी 'भाजपा हटाओ देश बचाओ' रैली

**संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)**



18 दिसंबर को पुनीत राय स्टेडियम धनवार में माले की महारैली की तैयारी को लेकर शुक्रवार को धनवार पार्टी कार्यालय में बैठक हुई. बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा की संकल्प सभा राजधनवार पुनीत राय स्टेडियम मैदान में रखा गया है. देश के अंदर सांप्रदायिक, फासीवाद, जातीय और धार्मिक उन्माद लोकतंत्र और संविधान को कुचलने की साजिश चल रही है. जहां पर लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला हो रहा है. दलित आदिवासियों के साथ आज भी हमले तेज हो रहे हैं और लगातार सरकारी संपत्तियों को नीलाम किया जा रहा है. दूसरी तरफ पूंजीपतियों को छूट देने के लिए लाखों-करोड़ों रुपए का कर्ज माफ किया जा रहा है. देश के किसान, मजदूर, नौजवानों के साथ खिलवाड़ हो रहा है. ऐसी स्थिति में 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए देश के तमाम न्याय पसंद नागरिक का कर्तव्य बनता है कि हम सभी एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकने में सहयोग करें. कहा कि जब से भाजपाके विधायक और सांसद बने हैं तब से कोडरमा लोकसभा और धनवार विधानसभा में एक भी विकास का कार्य नहीं किया जा रहा है.

### जल-जंगल-जमीन पर कंपनियों का कब्जा दिला रही है सरकार : राजेश

**गिरिडीह।** गरीबों को जमीन और रोजगार की दरकार है, लेकिन मोदी सरकार की नीतियों से जल, जंगल, जमीन पर कंपनियों के अधिकार के साथ रोजगार भी छिनता जा रहा है. इसलिए हमें संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई तेज करनी होगी और 2024 में भाजपा सरकार को हटाना होगा. उक्त बातें भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने शुक्रवार को सदर प्रखंड के नावाडीह-कोल्हरिया में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कही. यादव ने कहा कि झारखंड की सरकार भी अपनी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरी. रोजगार के सवाल हल नहीं हुए. आज भी इस इलाके के लोग रोजगार के लिए बाहर पलायन करने को मजबूर हैं. इसलिए जल, जंगल, जमीन पर जनता के अधिकार सहित रोजगार की लड़ाई लड़नी जरूरी है. उन्होंने लोगों से आगामी 18 दिसंबर को धनवार में होने वाली 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' संकल्प सभा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की. बैठक की अगुवाई माले गिरिडीह प्रखंड (ग्रामीण) के कार्यवाहक सचिव मनोज कुमार यादव तथा संचालन शफीक अंसारी ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबलू कोल, बलदेव कोल, रसूल मियां, मोहन कोल, भुनेश्वर कोल, बिहारी कोल, संजय कोल, सुलेमान अंसारी आदि मौजूद थे.

## पुलिस-जनता के बीच समन्वय स्थापित हो : सहायक कमांडेंट

**संवाददता। डुमरी (गिरिडीह)**



पुलिस महानिरीक्षक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल झारखंड सेक्टर के निर्देशानुसार शुक्रवार को सीआरपीएफ 22वीं बटालियन हजारीबाग के कमांडेंट मोहित कपूर की अध्यक्षता में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत निमियाघाट थाना अंतर्गत शंकरडीह पंचायत के बेलाटांड, तरवाटांड़ एवं चिरूवाबेड़ा गांव के वृद्धों एवं महिलाओं को विभिन्न प्रकार की आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया. जिसमें कंबल, पानी टंकी एवं रेडियो आदि सामग्री शामिल है. संदीप कुमार सहायक कमांडेंट ने बताया कि इस प्रकार की जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन के माध्यम से इस आशय के साथ किया जाता है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल व जनता के बीच सीधा समन्वय स्थापित हो सके. जनता की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सेवा करना ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का मुख्य उद्देश्य है. उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि सीआरपीएफ का साथ दें तथा नक्सल व जनविरोधी तत्वों के विरोध में रहे ताकि एक सुखद सामाजिक जीवन जी सकें. इस दौरान वृद्धों एवं महिलाओं की भारी संख्या में उपस्थिति देखी गई. इस दौरान उप कमांडेंट मनमोहन ठाकुर निरीक्षक जय कर्ण निमियाघाट थाना प्रभारी साधन कुमार मुखिया कालावती देवी आदि उपस्थित थे.





# समय पर परीक्षा नहीं होने से अभ्यर्थी हो रहे डिप्रेशन के शिकार

# अब मरने लगे हैं आंखों में पल रहे सपने

- जटिल होती जा रही है झारखंड में बेरोजगारों की स्थिति
- जेएसएससी की झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा कई बार टली, अभ्यर्थियों में आक्रोश
- जनवरी में नई तिथि घोषित की गई है, पर अभ्यर्थी संशय की स्थिति में हैं कि इस बार भी परीक्षा होगी या नहीं
- कई दूसरे राज्यों में पलायन कर गए, कुछ पलायन करने के मूड में

**झा**रखंड में बेरोजगारों की स्थिति जटिल होती जा रही है. खासकर उनकी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपना भविष्य संवारने में लगे हैं. कब होगी परीक्षा, कब मिलेगी नौकरी यह चिंता उन्हें खाए जा रही है. भविष्य को लेकर उनके सपने अब टूटने लगे हैं. कई बार जेएसएससी की झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा का फार्म वे भर चुके हैं. तैयारी भी की, पर ऐन वक्त पर परीक्षा स्थगित हो गई. ऐसा एक बार नहीं बल्कि कई बार हुआ. अब तो इस परीक्षा की नई तिथि भी जारी हो गई है. उसके मुताबिक परीक्षा 21 और 28 जनवरी 2024 को होगी. पर अभ्यर्थी अभी भी संशय में हैं कि उक्त तिथि को परीक्षा होगी या नहीं.बार बार परीक्षा के स्थगित होने से अभ्यर्थियों के मन में हताशा और निराशा घर करने लगी है. राज्य सरकार को कोसते हुए युवा कहते हैं कि यह सरकार हम युवाओं के लिए संवेदनशील नहीं है. हमारे भविष्य की इन्हें फिक्र होती तो कोई व्यवस्था जरुर हो जाती. परीक्षा आयोजन में इतना विलंब हो रहा है कि इसके लिए बहुतों की उम्र सीमा ही खत्म हो रही है. अपने भविष्य को लेकर कई तो दूसरे राज्यों में पलायन भी कर गए हैं. कुछ मन बना रहे हैं कि अब तो बाहर जाना तय है. अभ्यर्थियों की यह मानसिक स्थिति सरकार के लिए भी ठीक नहीं है. सरकार की लापरवाही की वजह से ही आयोग भी मनमानी कर रहा है. सरकार के स्तर पर इसमें सुधार करने की जरुरत है ताकि युवाओं का भविष्य धूल में न मिल जाए. राज्य के विभिन्न जिलों में शुभम संदेश की टीम ने इस मामले में जानकारी हासिल की है. पेश है रिपोर्ट...



## धनबाद

### आयोग की गलती का खामियाजा भुगत रहे अभ्यर्थी : तारिक अनवर

कतरास कॉलेज के हिस्ट्री ऑनर्स के छात्र तारिक अनवर ने बताया कि जिस प्रकार से बार-बार परीक्षाओं की तिथि बढ़ाई जा रही है. इससे तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति प्रभावित होती है. पढ़ाई के साथ वे जेपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं. लेकिन वर्तमान स्थिति देखते हुए उन्हें भविष्य को लेकर चिंता हो रही है.

### जनवरी में भी परीक्षा होगी इस पर भी संशय है : देवेंद्र पासवान

बीबीएमकेयू पीजी विभाग के विद्यार्थी देवेंद्र पासवान ने बताया कि बीते कई वर्षों से अभ्यर्थी वेकैंसी का इंतजार कर रहे थे. फॉर्म निकला तो तिथि फाइनल नहीं हो रही थी. तिथि फाइनल हुई तो उसे भी दिसंबर से बढ़ाकर जनवरी कर दिया गया. अब तो ऐसा लग रहा है जनवरी में भी विभाग सही समय पर परीक्षा ले लेगा इस पर भी संशय है. सरकार व विभाग अभ्यर्थियों की मनः स्थिति समझे और उनकी समस्या का जल्द-से-जल्द निवारण करें.

### अभ्यर्थियों को धोखा दे रही सरकार : विष्णु विश्वकर्मा

कतरास कॉलेज कतरासगढ़ हिस्ट्री ऑनर्स सेमेस्टर फोर के विष्णु विश्वकर्मा ने बताया कि झारखंड में सरकार 23 वर्षों में 10 जेपीएससी की परीक्षा नहीं करवा पाई है. एसएससी सीजीएल की परीक्षा का भी यही हाल है. सरकार केवल विद्यार्थियों को धोखा देने का काम कर रही है. इससे बेरोजगारी की समस्या लगातार बढ़ रही है. सरकार विद्यार्थियों की समस्या को समझे और त्वरित निर्णय लें. नहीं तो समस्या और भी बढ़ जाएगी.

### परीक्षा तिथि बदलने से विद्यार्थियों को हुई परेशानी : रवि पासवान

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्व विद्यालय के छात्र रवि पासवान ने कहा कि बीते पांच वर्षों में झारखंड सरकार ने हजारों युवाओं को रोजगार देने का काम किया है. लेकिन हाल के दिनों में जेपीएससी और सीजीएल की परीक्षा की तिथि में परिवर्तन होने से अभ्यर्थियों को थोड़ी परेशानी हुई है. लेकिन सरकार को विभाग पर लगाम लगाने की जरूरत है ताकि अभ्यर्थियों को ज्यादा परेशान नहीं होना पड़े. इसका ख्याल आगे भी रखा जाना चाहिए.

## गिरिडीह

### ठगने का काम कर रही है सरकार : पप्पू बर्नवाल

धनवार प्रखंड के छात्र पप्पू बर्नवाल ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रही है . प्रतियोगी परीक्षाओं को बार_बार रद्द होने से विद्यार्थी काफी निराश है . विद्यार्थी पिछले चार वर्षो से फार्म भरने और पढ़ाई के नाम पर अभिभावक का पैसा खर्च किया है . अब परीक्षा के लिए पैसा देने से अभिभावक भी इंकार कर रहे हैं.

### सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही : चिंटू सिंह

गांडेय प्रखंड के छात्र चिंटू सिंह ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही है . ऊपर से परीक्षाओं की तिथि बार_बार रद्द होने से छात्रों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है . सरकार द्वारा परीक्षा का विज्ञापन निकालने के बाद इसे स्थगित करने से छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी और नुकसान का सामना करना पड़ रहा है. सरकार इस पर ध्यान दे कि समय पर परीक्षा आयोजित की जा सके. ताकि युवकों को रोजगार से जोड़ा जा सके.

### परीक्षा आयोजन में राज्य सरकार फैल : रितेश कुमार

जमुआ प्रखंड के रितेश कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं में राज्य सरकार अब तक विफल साबित हुई हैं. विद्यार्थी लगातार परीक्षा के लिए फार्म भर रहे हैं और तैयारी भी कर रहे हैं, लेकिन एक्जाम नादिक आते ही कैंसिल हो जा रहा है. इससे प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थी परेशान है. परीक्षा के इंतजार में कई परीक्षार्थियों का उम्र सीमा भी समाप्त हो रहा है. उन्होंने राज्य के सीएम हेमंत सोरेन से निर्धारित तिथि पर परीक्षा लेने की मांग की है .

### परीक्षाओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं : ऋषभ सिन्हा

छात्र ऋषभ सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर गंभीर नहीं हैं. हेमंत सोरेन की सरकार लोक लुभावन वादे के साथ सत्ता में आई थी, लेकिन सत्तासीन होते ही सभी वादों को भुला बैठी है. राज्य गठन के बाद पहली बार हेमंत सोरेन की सरकार ने परीक्षार्थियों को निराश किया है. उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से राज्य के युवाओं की समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करने की मांग की है. सरकार इस दिशा में जल्द कार्रवाई करे.

## जमशेदपुर

### हर तरह से अभ्यर्थियों को तनाव का सामना करना पड़ रहा है : अंजलि शर्मा

जेएसएससी की तैयारी कर रही छात्रा अंजलि शर्मा ने कहा कि जेएसएसी की परीक्षा को बार-बार टाल दिये जाने अथवा रद्द कर दिये जाने के कारण विद्यार्थियों को हर तरह से तनाव का सामना करना पड़ रहा है. वर्ष 2016 से ही इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन परीक्षा नहीं हो पा रही है. कुछ परीक्षाएं तो होती भी हैं, तो रिजल्ट रद्द कर दिया जाता है. इसे एंजाइटी होने लगती है. अब तो तैयारी को लेकर पैसे की भी परेशानी आने लगी है. ऐसे में हमारा भविष्य अब अधर में लटक गया है.

### अब तो हम लोगों को परिवार का भी दबाव झेलना पड़ रहा है : ज्योति पूर्ति

छात्रा ज्योति पूर्ति ने कहा कि वह वर्ष 2016 से ही जेएसएससी परीक्षा की तैयारी कर रही है. परीक्षा बार-बार टलती जा रही है. इस वजह से हम विद्यार्थियों को कई तरह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अब तो तनाव के साथ ही परिवार का भी दबाव झेलना पड़ रहा है. हमारी नौकरी की उम्र निकती जा रही है. दिन-प्रतिदिन महंगाई बढ़ती जा रही है. ऐसे में तैयारी का खर्च भी महंगा होता जा रहा है. तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बावजूद खुद को युवाओं का हमदर्द कहने वाली सरकार हमारी परेशानियों को नहीं समझ रही है.

### नौकरी की आस में घटती जा रही उम्रसीमा, क्या करें : नोनिता बानरा

छात्रा नोनिता बानरा भी वर्ष 2016 से ही जेएसएससी की तैयारी कर रही हैं. वह काफी गरीब परिवार से हैं. कहती हैं कि बार-बार परीक्षा स्थगित या रद्द कर दिये जाने के कारण कई तरह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. घर में कमाने वाला कोई नहीं है. पिता दुनिया में नहीं हैं. उनके पेंशन (2500 रुपये) से घर चलता है. ऐसे में तैयारी के साथ-साथ पार्ट टाइम जॉब करना मजबूरी बन गयी है. इस तरह महीने में पांच-छह हजार रुपये कमा कर घर चलाने के साथ ही तैयारी भी कर रही हैं. यदि परीक्षा व रिजल्ट समय से हो जाये, तो संभवतः नौकरी मिल जाये और घर की स्थिति सुधरेगी. लेकिन जो स्थिति है, अब नौकरी की उम्र भी निकलती जा रही है.

## घाटशिला

### यह परीक्षा पंचवर्षीय योजना की तरह लग रही है, पता नहीं कब होगी : सुनीता कुमारी

जेएसएससी की तैयारी कर रहे घाटशिला प्रखंड निवासी सुनीता कुमारी ने कहा कि सरकार छात्रों को जेएसएससी की परीक्षा तिथि निर्धारित कर रोजगार संबंधी अन्य जरुरी मुद्दे जैसे झारखंड पुलिस, दरोगा सहित तमाम रिक्तियों को दबाना चाह रही है. सरकार ने अपनी असफलता को छिपाने के लिए जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा की तिथि तय की है. प्रतियोगिता परीक्षाएं पंचवर्षीय योजना की तरह होने लगी है. फॉर्म भरने के बाद भी नियुक्तियां कब मिलेगी. इसको लेकर कुछ भी साफ नहीं रहता. जेपीएससी और सीजीएल की परीक्षा का आयोजन भी समय पर नहीं हो रहा है. प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं में काफी निराश है.

### सरकार युवाओं को ठग तो नहीं रही है,हताशा बढ़ रही है : निर्मल कुमार

घाटशिला के सक्सेस ट्यूटोरियल क्लासेस के छात्र निर्मल कुमार ने बताया कि सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रही है. प्रतियोगी परीक्षाओं को बार-बार रद्द किया जाना युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है. साथ ही साथ दुर्भाग्यपूर्ण है छात्र-छात्राओं की उम्मीद पर पानी फिर रहा है. वह पढ़ लिखकर भविष्य में नौकरी हासिल करना चाहते हैं. लेकिन ऐसा नहीं होता दिख रहा है. इस परीक्षा को लेकर काफी उम्मीदें विद्यार्थियों में है. पर समय पर परीक्षा नहीं होने से वे अवसाद से घिर रहे हैं. सरकार को चाहिए कि परीक्षाएं निर्धारित समय पर आयोजित कराएं.

### अब तो विद्यार्थी भुगत रहे हैं सरकार और सिस्टम का खामियाजा : जय सिंह

जेएसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे जय सिंह ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को रोजगार देने के वादे को लेकर सत्ता में आई थी. लेकिन सरकार के सत्ता में बैठते ही वह अपने वादे को भूल गई है और अपने मनमानी करने में लगी है. सरकार का टर्म अब पूरा होने वाला है. पर सरकार की क्रियाकलापों में विद्यार्थी ठगा सा महसूस कर रहे हैं. सरकार और सिस्टम का खामियाजा यहां के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है. ऐसे में युवाओं का पलायन कैसे रुकेगा. जितनी जल्द हो सके सरकार इस दिशा में पहल करें. पिछले कई सालों से राज्य में बेरोजगारी बहुत तेजी से बढ़ रही है. सरकार इसका जल्द समाधान करे.

## चांडिल

### कथनी और करनी में काफी अंतर : शंकर हांसदा

छात्र शंकर हांसदा ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की कथनी और करनी में काफी अंतर है. परीक्षा की तिथि प्रकाशित करने के बाद एक भी परीक्षा ऐसा नहीं है तो हो सका है. हर बार किसी ना किसी कारण से तय परीक्षा की तिथि को रद्द करना पड़ता है. अब परीक्षा के लिए नई तिथि को भी परीक्षा होगी इसकी कोई गरंटी नहीं है. यहां बगैर कोर्ट गए नौकरी नहीं मिल रही है. झारखंड बनने के बाद ना जेएसएससी का सही ढंग से संचालन हो सका है और ना जेपीएससी का. दोनों ही महत्वपूर्ण संस्थान हमेशा विवादों में ही रहता है, जो राज्य के शिक्षित युवाओं के हित में नहीं है.

### उम्र सीमा भी समाप्त हो चुकी है, क्या करें : शंभू टुडू

परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र शंभू टुडू ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का रवैया छात्र-बेरोजगारों के हित में नहीं है. परीक्षार्थी दो से तीन बार तक फार्म भर चुके हैं, लेकिन एक बार भी परीक्षा नहीं ली गई. ऐसे में कई छात्रों का उम्र सीमा भी समाप्त हो चुकी है. कैलेंडर जारी नहीं हो रहा है. आखिर सरकार व आयोग की मंशा क्या है. सरकार और राजनीतिक दलों के नेता छात्र-युवाओं को अब वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है. ऐसे में समय पर परीक्षा नहीं होने से छात्र-बेरोजगारों के बीच असंतोष का माहौल बनता जा रहा है. ऐसे में युवाओं का आक्रोश कभी भी भड़क सकता है.

### छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : जगन्नाथ टोप्पो

जेएसएससी के तहत होने वाली सीजीएल परीक्षा के लिए दो बार फार्म भर चुके छात्र जगन्नाथ टोप्पो ने कहा कि आयोग छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है. बार-बार परीक्षा स्थगित होने से छात्रों का भविष्य दांव पर लग रहा है. एक तो आयोग कभी भी परीक्षा को लेकर कैलेंडर जारी नहीं करता है. किसी तरह परीक्षा की तिथि प्रकाशित करती है तो उसे भी किसी कारणवश स्थगित करनी पड़ती है. आखिर आयोग के काबिल पदाधिकारियों की क्या तैयारी रहती है. परीक्षा की तैयारी करते करते छात्र बूढ़े हो चले हैं. ऐसे में छात्रों का पढ़ाई में किया गया मेहतन बेकार चला जा रहा है.

### समय पर परीक्षा नहीं होने से निराशा : चांद कुंभकार

चांडिल के छात्र चांद कुंभकार ने कहा कि सरकार झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं को दिन प्रति दिन रहस्मय बनाती जा रही है. ताकि छात्र इस परीक्षा को भूल जाए. छात्र को झूठा दिलासा देकर बेरोजगारी की तरफ धकेला जा रहा है. परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी छात्रों को समय पर परीक्षा नहीं होने ने निराशा हो रही है. फॉर्म भरकर भी परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं, परीक्षा की तिथि घोषित करने के बाद उसे स्थगित कर दिया जा रहा है. इसके बाद तिथि पर तिथि तय की जा रही है. सरकार बनने से पहले कहा गया था कि रोजगार देंगे, लेकिन रोजगार की छोड़ दें सरकार परीक्षा भी नहीं ले पा रही है.

### तैयारी करने में मन नहीं लगता : अश्विनी सिंह

परीक्षा की तैयारी कर रहे अश्विनी सिंह सरदार ने कहा कि वे आदिवासी समाज से है और सरकारी नौकरी के लिए बीते वर्षों से परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं. कई बार परीक्षा के लिए फार्म भरा लेकिन एक बार भी परीक्षा नहीं सके. इसका एकमात्र कारण समय पर एकबार भी परीक्षा का नहीं होना है. परीक्षा के तैयारी के दौरान वे मॉक टेस्ट भी देते हैं. परीक्षा की तिथि घोषित होने पर वे अपनी तैयारी बढ़ा देते हैं और अधिक मॉक टेस्ट देते हैं. लेकिन जब पता चलता है कि परीक्षा की तिथि स्थगित हो गया तो तैयारी करने में मन नहीं लगता है. बार-बार परीक्षा स्थगित होने से आयोग पर से विश्वास उठता जा रहा है.

## चाईबासा

### जेएसएससी की परीक्षा बार बार स्थगित होना ठीक नहीं : कार्तिक

पीजी विभाग के पूर्व छात्र प्रतिनिधि कार्तिक महतो ने कहा कि जेएसएससी की परीक्षा स्थागित होना सही नहीं है. झारखंड में शिक्षा को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं दिख रही है. रोजगार की भारी कमी से यहां के अभ्यर्थी जूझ रहे है. अब लंबे समय से जेएसएससी की तैयारी करने में जुटे विद्यार्थियों को अब निराश हाथ लगी है. विद्यार्थियों के हित में सरकार को निर्णय लेने की जरूरत है.

### सरकार को अब गंभीरता विचार करने की जरूरत : सनातन पिंगुवा

पीजी विभाग के छात्र संघ के पूर्व सचिव सनातन पिंगुवा ने कहा कि सरकार को अब विचार करने की जरूरत है. जबतक सरकार शिक्षा के हित में कोई कठोर निर्णय नहीं लेगी तबतक राज्य का विकास होना संभव नहीं है. शिक्षा के स्तर को अब बढ़ाने की जरूरत है. यहां जेपीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर सरकार गंभीर दिखाई नहीं देती है.

### दिन रात एक कर विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी करते हैं : पिपुन बारिक

टाटा कॉलेज के पूर्व छात्र पिपुन बारिक ने कहा कि जेपीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर गंभीर नहीं है. दिन रात एक कर विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी करते है. लेकिन अचानक परीक्षा की तिथि स्थागित कर दी जाती है. इससे काफी निराश होती है. विद्यार्थियों के हित को लेकर सरकार को अब सोचने की जरूरत है.



## रांची

### जेएसएससी कार्यालय पर छात्रों का रोषपूर्ण प्रदर्शन

**एक ने आत्मदाह की कोशिश की, पुलिस ने हिरासत में लिया**



**रांची।** जेएसएससी की परीक्षा की तिथि बार बार स्थगित होने के विरोध में शुक्रवार को छात्रों ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के कार्यालय का घेराव कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया. आयोग के रवैये से छात्र इतने मर्माहत थे कि एक छात्र ने अपनी पीड़ा से तंग आकर आत्मदाह करने की कोशिश की. जिसे पुलिस हिरासत में ले लिया.छात्रों में काफी आक्रोश था.आत्मदाह करने वाले छात्र को पुलिस ने रोका और उसे हिरासत में ले लिया. दरअसल 16 और 17 दिसंबर को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा होनी थी. लेकिन परीक्षा से लगभग एक सप्ताह पहले परीक्षा की तिथि एक दिन आगे बढ़ा दी गई. फिर एक दिन बाद परीक्षा की तिथि की घोषणा की गई. इसी बीच छात्रों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव का निर्णय लिया. मालूम हो कि 2015 से सीजीएल की परीक्षा नहीं हुई है. सीजीएल के लिए अब तक 5 बार फार्म भरा चुके हैं. हर बार परीक्षा की तिथि को टाला गया या तो अन्य कारणों से परीक्षा स्थगित कर दी गई.

### हम काफी परेशान हैं : कविश कुमार

अभ्यर्थी कविश कुमार ने कहा कि अब हम परेशान हो चुके हैं. जेएससीसी केवल तिथि जारी करता है.परीक्षा नहीं लेता है. आज हम काफी परेशान होकर यहां आए हैं. हमारा भी मन नहीं करता कि पढ़ाई लिखाई छोड़कर धरना प्रदर्शन करें. बार बार परीक्षा की तिथि बढ़ाना ठीक नहीं है.

### लगता है परीक्षा फिर स्थगित होगी :सगोरिका

अभ्यर्थी सगोरिका मुर्मू ने कहा कि अचानक तिथि स्थगित कर फिर नई परीक्षा तिथि घोषित करना समझ से परे है. 21 तारीख को दो और परीक्षाएं हैं. संभव नहीं लग रहा कि यह परीक्षा होगी. सरकार इसी कारण को देखकर परीक्षा फिर से स्थापित कर देगी . आखिर कब तक हम तैयारी करते रहेंगे.

### हम प्रदर्शन के लिए मजबूर हैं : भास्कर

अभ्यर्थी भास्कर ने कहा कि हम कक्षाओं में रहते हैं. लाइब्रेरी में पढ़ते हैं. हमें कोई शौक नहीं है कि धरना- प्रदर्शन और आंदोलन करें. लेकिन लग रहा है कि हमें ही सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया गया है. अब परीक्षा कब होगी पता नहीं. देखिए आगे क्या होता है.

### हम आंदोलन नहीं करना चाहते : सतीश

अभ्यर्थी सतीश कुमार महतो ने कहा कि हम पढ़े या लड़े. हम विद्यार्थी हैं. हम आंदोलन नहीं करना चाहते. हमें किसी प्रकार के झंझट में नहीं फंसना है. बस हमें पढ़ाई करनी है. प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करनी है और परीक्षा देनी है. लेकिन आयोग के रवैये को देख कर हमें सड़क पर उतरना पड़ रहा है.

### बताए परीक्षा क्यों नहीं हो रही : महेश

अभ्यर्थी महेश कुमार ने कहा कि हम पूरी मेहनत से पढ़ाई करते हैं, पर परीक्षा की तिथि बदल जाने से काफी निराशा हाथ लगती है. परीक्षा क्यों नहीं हो रही है यह समझ से परे है. हमारी मांग है कि जेएससीसी के चेयरपर्सन इसका जवाब दें. क्या कारण है कि बार बार परीक्षा को स्थगित करनी पड़ रही है.

### परीक्षा क्यों नहीं होती है : विशाल कुमार

अभ्यर्थी विशाल कुमार यादव ने कहा कि एसएससी में परीक्षा फॉर्म तो 2015 से ही भरा जा रहा है. परीक्षा की तिथि भी निकाली जाती है, पर परीक्षा नहीं होती है. बार बार परीक्षा की तिथि स्थगित होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए. नहीं तो हमारा आंदोलन जारी रहेगा.

### वादा कर सरकार भूल जाती है : किरण

किरण कुमारी ने कहा कि सरकार सिर्फ चुनाव के समय बडे-बड़े वादा करती है. चुनाव जितने के बाद सारे वादे सरकार भूल जाती है. हम एक नौकरी के लिए सालों से इंतजार कर रहे हैं. अब तो मां पिताजी भी हिम्मत हारने लगे हैं. किसी तरह हम अपना धर्य बनाए हुए हैं.

### सरकार ने मजाक बना रखा है : प्रियांका

अभ्यर्थी प्रियांका कुमारी ने कहा कि जेएससीसी के चेयरमेन सिर्फ नाम के ही पद पर बैठे है. पिछले 5 सालों में 4 से अधिक चेयरमेन बदल गए हैं. सरकार ने जेएससीसी को मजाक बना कर रख दिया है. इतने सालो में जेएससीसी ने एक भी नियुक्ति पूरी नहीं की है. छात्र परेशान हो रहे हैं.

### हमारे साथ धोखा हो रहा : कुंदन कुमार

अभ्यर्थी कुंदन कुमार ने कहा कि सरकार छात्रों के साथ धोखा देने का काम कर रही है. हमेंत सरकार ने पिछले चुनाव के वक्त वादा किया था कि हर साल सरकारी नियुक्तियां निकाली जाएगी. लेकिन सरकार का अब कार्यकाल खत्म होने जा रहा है. जेएससीसी द्वारा एक भी नियुक्तियां नहीं निकाली गई है.

### एक भी पद पर नियुक्ति नहीं निकाली : पंकज

अभ्यर्थी पंकज कुमार ने कहा कि सरकार सिर्फ वादा करती है. हमेंत सरकार ने छात्रों से बेरोजगारी भत्ता समेत हर साल सरकारी नियुक्तियां निकालने का वादा किया था. लेकिन बीते 4 सालों में जेएससीसी ने एक भी पद पर नियुक्तियां नहीं निकाली है. सरकार छात्रों की शक्ति को कम आंक रही है.

### भविष्य से खेल रही है सरकार : अनुज कुमार

अभ्यर्थी अनुज कुमार ने कहा कि जेएससीसी छात्रों के भविष्य से खेल रही है. सरकार सिर्फ वादा करती है. हम छात्र बीते कई सालों से नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं. लेकिन आज तक एक भी पद के लिए जेएससीसी ने नियुक्तियां नहीं निकाली है. राज्य में हजारों पद खाली हैं और यहां नियुक्तियां नहीं हो रही है.

### अब घर वापस आने को कहते हैं : विकास

अभ्यर्थी विकास महतो ने कहा कि परीक्षा नहीं होने और नौकरी नहीं होने के कारण अब घर वाले भी वापस आने को कहते हैं. काम धंधा करने कहते हैं. खेती-बाड़ी में लग जाने को कहते हैं. एक सपना हम लोगों ने देखा था कि नौकरी करेंगे. पर वह सपना टूट गया. अब तो परेशानी बढ़ गई है.

### कब तक इंतजार करते रहेंगे : किशुन

अभ्यर्थी की किशुन साव ने कहा कि एक मूवी की डायलॉग के डायलाग तारीख पर त्ारीख की तरह यह परीक्षा लग रही है.आयोग हमारे भविष्य के साथ खिलबाड़ कर रहा है. आखिर हम लोग कब तक परीक्षा का इंतजार करते रहेंगे.

### क्या होगा समझ में नहीं आ रहा : राहुल

राहुल रंजन ने कहा कि हमारा क्या होगा यह समझ में नहीं आ रहा है. हमारा भविष्य मझधार में लटका हुआ है. कब परीक्षा ली जाएगी समझ में नहीं आ रहा है. मजबूर होकर हमें सड़क पर उतरना पड़ रहा है. सरकार को इसका जवाबा देना चाहिए.

### तो फार्म क्यों भरवाया जाता है : संतोष कुमार

अभ्यर्थी संतोष कुमार ने कहा कि मैं पिछले 4 साल से तैयारी कर रहा हूं,लेकिन इतने दिनों में जेएससीसी द्वारा एक भी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई. जब परिक्षा लेना ही नहीं होता तो बच्चों से फार्म क्यों भरवाया जाता है.

### हम पढ़ लिख कर सड़कों पर : पियूष

अभ्यर्थी पियूष शर्मा ने कहा कि हम मन लगाकर सालों से पढ़ाई करते है, इस उम्मिद में कि हमें अच्छी और नौकरी मिल स. लेकिन जेएससीसी ने पिछले कई सालों से कोई भी नियुक्तियां नहीं निकाली है. हम पढ़ लिख कर सड़कों पर मारे मारे घूम रहे हैं.

### संभव हो परीक्षा रद्द होगी : रशमी भेंगरा

अभ्यर्थी रशमी भेंगरा ने कहा कि जेएससीसी ने कई बार परिक्षा का डेट निकाला लेकिन परिक्षा नहीं ली. इस बार भी परिक्षा की तारीख अचानक आगे बढ़ा दि गई. और इस बार भी संभावना यही है कि परीक्षा रद्द कर दी जाएगी.

### भविष्य के साथ खेल रही है : सुमन

अभ्यर्थी सुमन कुमारी ने कहा कि घर वाले अब शादी करने के लिए दबाव बना रहे हैं. मै पिछले 6 सालों से तैयारी कर रही हूं. लेकिन जेएससीसी द्वारा आजतक एक भी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है. जेएससीसी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है.

### अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे : शक्ति कुमार

शक्ति कुमार ने कहा कि अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे. आखिर हम क्या करें. हमारा भविष्य बर्बाद हो रहा है. सरकार और आयोग को सोचना चाहिए कि आखिर कब तक इस तरह से चलेगा. सरकार को गंभीरता से विचार कर पहल करनी चाहिए.



## लातेहार

### बढ़ती जा रही है शिक्षित बेरोजगारों की संख्या: प्रिंस

लातेहार शहर के रेलवे स्टेशन निवासी व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रिंस कुमार कहते हैं कि सरकार राज्य में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने का काम कर रही है. विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के सामने आज विकट परिस्थिति हो गई है. समय पर परीक्षाओं के नहीं होने के कारण अभ्यर्थियों की उम्र सीमा निकलती जा रही है. एक तो राज्य में सरकारी कर्मचारी कमी है तो दूसरी ओर निर्धारित समय पर परीक्षाएं नहीं हो रही है. सरकार को इसे संज्ञान लेकर सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को नियमित कराना चाहिए. वर्षों से परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं छात्रों को उनके मेहनत का फल मिलना चाहिए.

### परीक्षाओं का कैलेंडर जारी होना चाहिए: आर्दश कुमार

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं छात्र आदर्श कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार को परीक्षाओं का एक कैलेंडर जारी करना चाहिए. जैसा की केंद्र की परीक्षाओं में की जाती है. राज्य सरकार द्वारा कैलेंडर जारी किए जाने से छात्रों को सुविधा होगी. छात्र एक लक्ष्य निर्धारित कर परीक्षा में अपना ध्यान दे पाएंगे. आज प्रदेश में शिक्षित बेरोजगारी के फौज खड़ी हो गई है. परीक्षाएं नहीं होने कारण युवक बेरोजगार हो रह रहे हैं. कई तो दूसरे राज्यों की ओर रुख भी कर लिया है.वहीं कई बाहर जाने का मन बना लिया है. सरकार को इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरुरत है.

### परीक्षा स्थगित होने से आक्रोश है: अनु कुमारी

लातेहार की छात्रा अनु कुमारी ने कहा कि लगातार परीक्षाएं कैंसिल होने से छात्रों में आक्रोश है. यह युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है. सरकार को निर्धारित समय पर परीक्षाएं लेनी चाहिए. एक परीक्षाएं होती नहीं है उस पर अगर डेट फाइनल होता भी है तो उसे स्थगित कर दिया जाता है. इस कारण छात्रों को बहुत परेशानी हो रही है. समय पर परीक्षा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए. राज्य में रोजगार की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है. पिछले कई साल से रोजगार की तलाश में युवा बाहर का रुख कर रहे हैं. सरकार को इसके समाधान के लिए कदम उठाना चाहिए.

### तिथि में बार बार बदलाव ठीक नहीं : मुकेश कुमार

बरवाडीह के मुकेश कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के समय में बार-बार बदलाव किया जा रहा है. इससे छात्रों में असमंजस की स्थिति है. पिछले चार साल से परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. झारखंड में रोजगार की हालात काफी खराब हैं. परीक्षाएं होती हैं तो समय पर रिजल्ट नहीं आता है. कई बार परीक्षाएं विवादों में फंस जाती है. इसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ता है. इसलिए सरकार ऐसी कोशिश करे कि समय पर परीक्षा आयोजित हो तथा रिजल्ट भी समय पर निकले.

### युवाओं का संयम टूटता जा रहा है: अविनाश उरांव

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा छात्र अविनाश उरांव ने कहा कि चयन परीक्षायें नहीं होने से छात्रों का संयम टूटता जा रहा है. एक ओर युवाओं में नाराजगी है तो दूसरी ओर आक्रोश है. परीक्षाओं के इंतजार में छात्रों की उम्र निकलती जा रही है. तैयारी कर रहे छात्र इससे काफी गुस्से में हैं. सरकार एवं आयोग की लचर नीतियों के कारण छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहा है. मुख्यमंत्री को इस पर पहल करनी चाहिए और न सिर्फ परीक्षा समय पर ले बल्कि परीक्षाफल भी समय पर प्रकाशित करना चाहिए.इससे युवाओं को शीघ्र रोजगार मिल पाएगा. रोजगार को लेकर यहां स्थिति बहुत खराब है.

## बेरमो

### परीक्षाओं में हो रही देरी से बढ़ रही है निराशा : राकेश रजक

बेरमो के जारंगडीह उत्तरी पंचायत के 12 नम्बर कॉलोनी निवासी छात्र राकेश रजक ने कहा कि झारखंड में जेएसएससी की परीक्षा बहुत दिनों से नहीं हुई है. बार बार परीक्षा स्थगित होने से छात्र-छात्राओं में निराशा का भाव उत्पन्न होता है. प्रतियोगिता की तैयारी कर छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं. दिन रात छात्र मेहनत कर रहे हैं. परीक्षा नहीं होने के कारण विद्यार्थी मानसिक तनाव में रहते हैं. छात्र छात्राओं की चिंता से उनके अभिभावकों की भी परेशानी बढ़ती जा रही है.

### विज्ञापन निकाले और छात्रों को नौकरी दे : इंदू कुमारी

इंदू कुमारी, गोमिया की छात्रा है. बीएड करने के बाद पीजी की पढ़ाई कर रही है. सरकार से अपेक्षा है कि जल्द से जल्द शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू करे. दिवंगत शिक्षा मंत्री शिक्षकों की बहाली की घोषणा कई बार की थी, लेकिन बहाली की प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी. अब सरकार के पास घोषणा करने के लिए कुछ नहीं बचा है. अब तो सरकार को चाहिए कि सीधे नौकरी का विज्ञापन निकाले और छात्रों को अवसर दे. तभी समस्याओं का समाधान हो पाएगा.



# निलंबन और लोकतंत्र

अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र के मूलमंत्रों में एक है, लेकिन पिछले कुछ समय से दोनों सदनों से सांसदों के निलंबन की बढ़ती घटनाओं को व्यापक संदर्भ में देखने की जरूरत है. लोकतंत्र में 'परसेप्शन'यानी धारणा का विशेष महत्व होता है. पिछले कुछ समय से देश भर में यह धारणा जोर पकड़ रही है कि बोलने वालों को प्रताड़ित करने के बहाने तलाश ही लिए जाते हैं. लोकसभा से जिस तरह राहुल गांधी का (बाद में कोर्ट की दखल से वापसी) और उसके बाद महुआ मोइत्रा का निष्कासन हुआ, उसके भले ही अलग-अलग कारण रहे हों, लेकिन यह बात तेजी से प्रचारित हुआ कि एक खास कारपारेट घराने के खिलाफ बोलने के कारण ऐसा हुआ. लोकसभा से 14 विपक्षी संसदों के पूरे सत्र से निलंबन की घटना ने एक बार फिर इस बहस को तेज कर दिया है कि विपक्ष के विरोध, सवाल पूछने और सरकार को जवाब देने के लिए दबाव बनाने की प्रतिक्रिया उनके निलंबन का कारण है. सत्तापक्ष भले ही सदन के संचालन को बाधित करने के लिए इस कार्रवाई को न्यायसंगत ठहराता हो, लेकिन परसेप्शन के खेल में उसे नुकसान ही होता है. भारतीय संसद से निलंबन कोई नयी बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ सालों में जिस तरह निलंबन एक सामान्य प्रक्रिया बन गयी है, उससे अपने आप बहुत कुछ अभिव्यक्त होता है. लोकसभा में एक ऐसे सदस्य के निलंबन का एलान भी हुआ, जो सदन में मौजूद ही नहीं थे. बाद में भूल सुधार तो हुआ, लेकिन विपक्ष के आरोप को इससे संबल मिल गया. निलंबन और निष्कासन के संदर्भ में एक तुलना कांग्रेस कार्यकाल बनाम बीजेपी कार्यकाल से की जा सकती है. आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक साल 2004 से लेकर 2023 तक यानी करीब बीस सालों में कुल 184 बार सांसदों को निलंबित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय में 43 बार और पीएम मोदी के समय में अब तक 141 बार सांसदों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है. इससे यह समझा जा सकता है कि कुल निलंबन का करीब 23 प्रतिशत कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में और 73 प्रतिशत बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में हुआ. राज्यसभा में तो पिछले दो ही सत्रों में तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन को दो बार निलंबित किया गया. दोनों ही बार पूरे सत्र के लिए डेरेक तीखे सवाल पूछे जाने के लिए मशहूर हैं. यहां एक बात गौर करने वाली है कि मनमोहन सरकार के दस साल के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के एक भी सांसद को लोकसभा से निलंबित नहीं किया गया. वहीं नरेंद्र मोदी सरकार में लोकसभा से जिन सांसदों का निलंबन हुआ, उसमें करीब आधे सांसद कांग्रेस के थे. आंकड़ों की बात करें तो इस दौरान नौ मौकों पर कांग्रेस के 35 सांसदों को 43 बार निलंबित किया गया. कुछ ऐसे सांसद हैं, जिन्हें एक बार से ज्यादा निलंबन झेलना पड़ा है. संसदीय राजनीति में सदन की गरिमा महत्वपूर्ण है. इसे सभी पक्षों को याद रखने की जरूरत है.

> भारतीय संसद से निलंबन कोई नयी बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ सालों में जिस तरह निलंबन एक सामान्य प्रक्रिया बन गयी है, उससे अपने आप बहुत कुछ अभिव्यक्त होता है.

## सुभाषित

**सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयान्नब्रूयात् सत्यंप्रियम्।**
**प्रियं च नानृतम् ब्रुयादेषः धर्मः सनातनः।।**

सत्य कहो किन्तु सभी को प्रिय लगने वाला सत्य ही कहो. अप्रिय सत्य किसी व्यक्ति या समाज केलिए लाभकारी नहीं हो सकता. उस सत्य को मत कहो जो सर्वजन के लिए हानिप्रद है, इसी प्रकार से उस झूठ को भी मत कहो जो सर्वजन को प्रिय हो, यही सनातन धर्म है.

# अजब भाई देस, गजब भाई राजा

**कुछ दिनों बाद 2023 यादों में ही रहेगा केवल. 2024 दमकने वाला है. ठीक ऐसे ही 03 दिसंबर को आये पांच राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद उनके मुख्यालयों में बतौर मुख्यमंत्री नये चेहरे दमकने को तत्पर हैं. छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने क्रमशः 10, 11 और 12 तारीख को जिन तीन लोगों को दमकाया, उनके नाम चौंका गये. राजस्थान के भजन लाल शर्मा ने अधिक चौंकाया. वे पहली बार एमएलए चुने गये हैं और चुनाव जीतते ही मुख्यमंत्री बना दिये गये.**



**• देश-काल**



श्याम किशोर चौबे

पांच साल पहले झारखंड से बतौर कांग्रेस प्रत्याशी तीसरी मर्तबा राज्यसभा सदस्य चुने गये धीरज साहू के परिवार के ठिकानों पर आठ दिनों से चल रही आईटी की कार्रवाई में 354 करोड़ कैश के अलावा सोना, जेवरात आदि की बरामदगी/जब्ती की गूंज दिल्ली तक रही. 14 दिसंबर को जब ये पंक्तियां लिखी जा रही थीं, तो 2016 के इन्हीं दिनों की याद आ गई. वे अचानक की गई नोटबंदी के दिन थे. 29-30 नवंबर 2016 को अहमदाबाद में आईटी रेड में एक छोटे-मोटे रीयल एस्टेट कारोबारी महेश शाह के हवाले से 13,860 करोड़ कैश की बरामदगी/जब्ती हुई थी. महेश महोदय गिरफ्तार किये गये थे. उन दिनों खबरिया जगत में कहा गया था कि इतनी बड़ी रकम अकेले महेश शाह की नहीं हो सकती. आगे का अहवाल मालूम नहीं. धीरज साहु को कम से कम झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के लोग जानते हैं कि वे रईस परिवार के हैं. उनका परिवार शराब उत्पादन और व्यवसाय से दशकों से जुड़ा हुआ है. इसके अलावा यह परिवार स्कूल, अस्पताल और होटल व्यवसाय में भी है. हर दिन खासी आमदनी अलग बात है लेकिन 354 करोड़ कैश अलग-अलग ठिकानों पर कैसे पड़ा हुआ था, यह तो वह परिवार ही बता सकता है. फिलहाल, धीरज साहु भाजपा के निशाने पर हैं. कांग्रेस ने उनको जवाबतलब किया है. जैसा कि खबरों में कहा गया, अधिकांश रकम की बरामदगी इस परिवार के ओडिशा स्थित दफ्तरों पर हुई. कहीं ऐसा न हो कि चुनावी साल में नवीन बाबू भी लपेट लिए जाएं.

कुछ दिनों बाद 2023 यादों में ही रहेगा केवल. 2024 दमकने वाला है. ठीक ऐसे ही 03 दिसंबर को आये पांच राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद उनके मुख्यालयों में बतौर मुख्यमंत्री नये चेहरे दमकने को तत्पर हैं. छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने क्रमशः 10, 11 और 12 तारीख को जिन तीन लोगों को दमकाया, उनके नाम चौंका गये. राजस्थान के भजन लाल शर्मा ने अधिक चौंकाया. वे पहली बार एमएलए चुने गये हैं और चुनाव जीतते ही मुख्यमंत्री बना दिये गये. किस्मत हो तो भजन लाल जैसी. इनको हरियाणा वाले भजन लाल न समझ बैठें कृपया. वे बिश्नोई थे और हरियाणा का तीन बार मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड उनके नाम दर्ज हैं. उनके गुजरे तकरीबन 12 साल बीत गये.

बहरहाल, चाल, चरित्र और चेहरा तथा अनुशासन वाली पार्टी भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों ने तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री तय करने में इतना वक्त ले लिया और तीनों ही राज्यों में दो-दो उपमुख्यमंत्री भी तय कर दिये. जब पर्ची कल्चर विकसित हो गया हो तो किसी को कुछ न ही कहना बेहतर. 03 दिसंबर को ही तेलंगाना के आये चुनाव परिणाम को अप्रत्याशित नहीं कहा जा सकता, लेकिन वहां कांग्रेस ने 07 दिसंबर को अनुमुला रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री तय कर उनके साथ एक डिप्टी सीएम लगा दिया था. सीएम के साथ डिप्टी सीएम बैठाने का प्रचलन हो सकता है कि एक या दो और बड़े चेहरे विकसित करने की मंशा हो. यह भी संभव है कि संबंधित दलों में सबकुछ ठीकठाक ही हो, लेकिन सबकुछ चौचक नहीं हो. यह अपने एमएलएज के तुष्टीकरण का भी जरिया हो सकता है. राजनीति में कुछ भी हो सकता है. पांचवें और सबसे छोटे किंतु सीमांत राज्य मिजोरम की भी चर्चा जरूरी है, जहां बहुमत के साथ उभरी एक तरह से नई-नवेली पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट के नेता पूर्व आईपीएस अधिकारी लालदुहोमा ने 07 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद संभाल लिया था. इन चुनावों को साढ़े तीन महीने बाद अप्रैल-मई 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है. 2018 में हुए इन पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा कुछ भी हासिल न कर पाई थी, लेकिन कांग्रेस के टूटने/तोड़ने से मार्च 2020 में उसने मध्यप्रदेश की सत्ता हासिल कर ली थी. इस बार तो खुलेआम उसको तीन हिंदी प्रदेशों की सत्ता मिल गई. सो, वह बाग-बाग है. होना भी चाहिए.

जिस दिन एमपी में मोहन यादव की लॉटरी लगी और उनको मुख्यमंत्री घोषित किया गया, उसी दिन 11 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने चार साल पुराने जम्मू-कश्मीर मामले में विशेष दर्जा वाले अनुच्छेद-370 हटाने को सही करार देकर भाजपा की बांछें खिला दीं. अलग बात है कि उसी दिन जानी-मानी टीएमसी नेत्री महुआ मोइत्रा ने उनके साथ हुई कथित नाइंसाफी के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई. कैश फॉर क्वैरी मामले में एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर मुहर लगाते हुए 08 दिसंबर को स्पीकर द्वारा उनकी सांसदी निरस्त कर दी गई थी. यह दिसंबर देश के लिए बहुत ही इवेंटफुल लग रहा है. झारखंड में आईटी की कार्रवाई के अलावा ईडी की गतिविधियां भी कई मायने में इवेंट ही हैं. ईडी के रांची कार्यालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन जारी कर 12 दिसंबर को उपस्थित होने को कहा था. हेमंत ने 12 दिसंबर को पत्र भिजवाकर ईडी से पूछ दिया कि मुझको आरोपी की तरह तलब किया जा रहा है, या सहयोग के लिए, पहले यह बताएं. जैसी कि खबरें मिल रही हैं, उनको जमीन मामले में 14 अगस्त से बीते चार महीने में छठी बार ईडी ने समन किया, लेकिन वे कोई न कोई कारण बताकर अबतक उसके दफ्तर नहीं गये. अब, एक छोटी सी अटकलबाजी. बाबूलाल मरांडी को झारखंड का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बने छह महीने से अधिक बीत गये. अभी तक प्रदेश कमेटी नहीं बनाई गई. अब संभवतः अगले साल मध्य जनवरी के बाद ही 'बाबूलाल कैबिनेट' दमके. कारण तो आपकी भी अटकलों में होगा ही.

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## जड़ता और उड़ान

बहुत समय पहले की बात है, एक राजा को उपहार में किसी ने बाज के दो बच्चे भेंट किये. वे बड़ी ही अच्छी नस्ल के थे और राजा ने कभी इससे पहले इतने शानदार बाज नहीं देखे थे. राजा ने उनकी देखभाल के लिए एक अनुभवी आदमी को नियुक्त कर दिया. जब कुछ महीने बीत गए तो राजा ने बाजों को देखने का मन बनाया और उस जगह पहुंच गए जहां उन्हें पाला जा रहा था. राजा ने देखा कि दोनों बाज काफी बड़े हो चुके थे और अब पहले से भी शानदार लग रहे हैं. राजा ने बाजों की देखभाल कर रहे आदमी से कहा, ' मैं इनकी उड़ान देखना चाहता हूं , तुम इन्हें उड़ने का इशारा करो.' आदमी ने ऐसा ही किया. इशारा मिलते ही दोनों बाज उड़ान भरने लगे, पर जहां एक बाज आसमान की ऊंचाइयों को छू रहा था, वहीँ दूसरा, कुछ ऊपर जाकर वापस उसी डाल पर आकर बैठ गया, जिससे वह उड़ा था . राजा को दोनों ही बाज प्रिय थे और वह दूसरे बाज को भी उसी तरह उड़ना देखना चाहते थे. अगले दिन पूरे राज्य में ऐलान करा दिया गया कि जो व्यक्ति इस बाज को ऊंचा उड़ाने में कामयाब होगा, उसे ढेरों इनाम दिया जाएगा. फिर क्या था , एक से एक विद्वान् आये और बाज को उड़ाने का प्रयास करने लगे, पर हफ़्तों बीत जाने के बाद भी बाज का वही हाल था, वह थोडा-सा उड़ता और वापस डाल पर आकर बैठ जाता. फिर एक दिन कुछ अनोखा हुआ, राजा ने देखा कि उसके दोनों बाज आसमान में उड़ रहे हैं. उन्हें अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ और उन्होंने तुरंत उस व्यक्ति का पता लगाने को कहा, जिसने ये कारनामा कर दिखाया था. वह व्यक्ति एक किसान था. अगले दिन वह दरबार में हाजिर हुआ . उसे इनाम में स्वर्ण मुद्राएं भेंट करने के बाद राजा ने कहा ,' मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ , बस तुम इतना बताओ कि जो काम बड़े-बड़े विद्वान नहीं कर पाये, उसे तुमने कैसे कर दिखाया. 'मालिक ! मैंने तो बस वह डाल काट दी, जिस पर बैठने का वह आदी हो चुका था और जब वह डाल ही नहीं रही तो वह भी अपने साथी के साथ ऊपर उड़ने लगा.' दोस्तों, हम सभी ऊंचा उड़ने के लिए ही बने हैं. लेकिन कई बार हम जो कर रहे होते है उसके इतने आदि हो जाते हैं कि अपनी ऊँची उड़ान भरने की, कुछ बड़ा करने की काबिलियत को भूल जाते हैं .

# निराशा से बाहर निकल आत्ममंथन की जरूरत

**• राजनीति**

**हेमंत पाल**

तीन राज्यों में कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी सदमे में है. पार्टी की सबसे बुरी हार मध्य प्रदेश में हुई, जहां उसकी सत्ता में वापसी को लेकर कोई शंका नहीं थी. ताजपोशी की पूरी तैयारी हो चुकी थी कि अचानक भाजपा की सुनामी आ गई. जितनी सीटें भाजपा को मिलीं, वह अनपेक्षित-सा आंकड़ा है. कांग्रेस को परेशानी इसलिए है कि उसे प्रतिद्वंद्वी की ऐसी जीत की उम्मीद कतई नहीं थी. उसे अनुमान था कि मुकाबला कांटाजोड़ जरूर है, पर कांग्रेस बाजी मारकर सरकार बनाने लायक बहुमत पा लेगी. लेकिन, जो हुआ उसने प्रदेश नेतृत्व को आत्ममंथन करने पर मजबूर कर दिया. अब हार के कारण तलाशने के लिए मंथन हो रहा है. देखा जाए तो इसका कोई मतलब नहीं रह गया, जो होना था वह हो चुका. अब आने वाले पांच साल तक भाजपा ही मध्य प्रदेश की सत्ता में रहेगी और कांग्रेस विपक्ष की भूमिका में! कमलनाथ पिछले 6 साल से मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हैं. पार्टी की तरफ से वे ही मुख्यमंत्री का चेहरा भी थे. लेकिन, चुनाव नतीजों ने भाजपा को अव्वल साबित कर दिया. उसे 163 सीटें मिलीं और कांग्रेस मात्र 66 सीट पर सिमटकर रह गई. इस चुनाव में भाजपा को पिछले चुनाव के मुकाबले 57 सीटों का फ़ायदा हुआ. इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, सागर, दमोह और खंडवा जैसे शहरी क्षेत्रों में जिस तरह कांग्रेस की हार हुई, वह सबसे ज्यादा चिंता की बात है. इन शहरों में पार्टी का पूरी तरह सफाया हो गया. जहां तक हार के कारणों का सवाल है, तो कमलनाथ का सॉफ्ट हिंदुत्व का चुनावी प्रयोग पूरी तरह असफल रहा. कांग्रेस पर भाजपा ने हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया, जिसका जवाब देने के लिए कमलनाथ ने धार्मिक आयोजनों पर ध्यान दिया. हनुमान जयंती पर पार्टी दफ्तर में ही पूजा-पाठ करवाया गया. पार्टी में 'धार्मिक और उत्सव प्रकोष्ठ' के गठन के साथ धार्मिक कार्यक्रम करवाए गए. लेकिन, इससे हिंदुओं में पकड़ नहीं बनी, उल्टा मुस्लिम वोटर नाराज हो गए. यदि कांग्रेस की हार के कारणों की चीरफाड़ की जाए, तो कई ऐसे कारण सामने आएंगे, जो भाजपा की जीत को सही साबित करते हैं. कांग्रेस की हार के कारणों में उम्रदराज कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की बड़ी भूमिका रही. कमलनाथ भले 6 साल से प्रदेश अध्यक्ष हों, पर वे जन नेता नहीं हैं. वे रणनीति बना सकते हैं, पर उसे अमल कैसे किया जाए, ये वे नहीं जानते. उनमें एक कमजोरी संपर्क की भी है. पार्टी के कार्यकर्ता तो छोड़ विधायकों तक को उनसे मिलने से पहले कई औपचारिकताएं निभानी पड़ती हैं. यही कारण है कि उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के बजाय कार्पोरेट कंपनी का मैनेजर ज्यादा कहा जाता है. निश्चित रूप से चुनाव में उनकी ये आदत पार्टी के लिए मुश्किल बनी है. ये उनकी संगठनात्मक खामी ही मानी जाएगी कि वे कांग्रेस को उस हालत में ले आए, जहां से उसके आगे बढ़ने की सारी संभावना ही ख़त्म हो गई. यही स्थिति दिग्विजय सिंह की भी है, वे पार्टी कार्यकर्ताओं पर गुर्राते ज्यादा दिखाई दिए. इन दोनों नेताओं की वजह से पार्टी में नई लीडरशिप को आगे आने का मौका नहीं मिला. इस बार ज्यादातर युवा नेता चुनाव हार गए, जिसके बाद भविष्य की संभावना भी ख़त्म हो गई. कांग्रेस और भाजपा की चुनावी रणनीति में मूल अंतर चुनाव लड़ने का है. भाजपा जहां उम्मीदवारों की घोषणा से मतदान तक उनके साथ खड़ी रहती है. कांग्रेस टिकट देकर उन्हें अकेला छोड़ देती है. ये हर बार देखा गया और इस बार भी इसमें कोई सुधार नहीं देखा गया. उम्मीदवारों की घोषणा के बाद पार्टी के संगठन ने चुनाव लड़ने में कहीं उनका साथ नहीं दिया. यहां तक कि जहां पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ विद्रोह हुआ, वहां भी संगठन ने ध्यान नहीं दिया. नतीजा यह हुआ कि जहां कांग्रेस की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, वहां भी उसकी लुटिया डूब गई. ये सीधे-सीधे कांग्रेस संगठन की खामी ही मानी जाएगी कि वो पार्टी को एकजुट नहीं कर सकी. प्रदेश में कांग्रेस के दो ही नेता हैं दिग्विजय सिंह और कमलनाथ. लेकिन, इन दोनों की रणनीति और सारी चुनावी तैयारी भाजपा के सामने धरी रह गई. इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि दोनों की उम्र अब चुनावी राजनीति करने की नहीं रही. लेकिन, दोनों ही इसे स्वीकारने को तैयार नहीं. उनकी इस ज़िद की वजह से प्रदेश का युवा नेतृत्व उभर नहीं सका. अभी कांग्रेस के खाते में लोकसभा की 29 में से सिर्फ एक सीट है. केंद्रीय नेतृत्व भी असहाय है, कि वो कुछ नहीं कर सकता. विधानसभा चुनाव में भाजपा के सामने कांग्रेस की जो गत हुई, इसमें बहुत ज्यादा सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती.

> देखा जाए तो इसका कोई मतलब नहीं रह गया, जो होना था वह हो चुका. अब आने वाले पांच साल तक भाजपा ही मध्य प्रदेश की सत्ता में रहेगी और कांग्रेस विपक्ष की भूमिका में! कमलनाथ पिछले 6 साल से मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हैं. पार्टी की तरफ से वे ही मुख्यमंत्री का चेहरा भी थे. लेकिन, चुनाव नतीजों ने भाजपा को अव्वल साबित कर दिया.

# फिलस्तीन विवाद के स्थायी समाधान का रास्ता

**• देशांतर**

**डॉ. प्रेम सिंह**

करीब एक शताब्दी पुराने फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष को लेकर पक्ष-पोषण और विश्लेषण का काम पिछले 75 सालों में बहुत हो चुका है. अब उसके स्थायी समाधान की जरूरत है. यह तभी संभव होगा, जब आधुनिक विश्व-इतिहास की इस शायद जटिलतम समस्या से संबद्ध सभी पक्ष गंभीरता, निष्ठा और परस्पर विश्वास के साथ समाधान की दिशा में प्रयास करें. पिछले दो महीने से जारी फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष के अभी तक के सर्वाधिक खूनी अध्याय से सबक लेकर अगर समाधान की सच्ची प्रेरणा से इस दिशा में काम होगा तो निकट भविष्य में स्थायी समाधान की आशा की जा सकती है. कहने की जरूरत नहीं कि सच्ची प्रेरणा घृणा-जनित अथवा/और निहित स्वार्थ-जनित उत्तेजनाओं की कैद से मुक्ति पाकर ही आगे का रास्ता बना सकती है. हालांकि, यह अच्छी तरह जान लेना चाहिए कि बाजार और हथियार की संयुक्त चालक-शक्ति से दौड़ने वाली आधुनिक सभ्यता की रगों में प्रवाहित उत्तेजनाओं से मुक्ति पाना आसान नहीं है. आधुनिक सभ्यता को मानव-उत्तेजनाओं के अटूट सिलसिले के रूप में भी पढ़ा जा सकता है, जहां सच्ची प्रेरणाएं उत्तेजनाओं का शिकार होने के लिए वैसे ही अभिशप्त होती हैं, जैसे सीधी या बदले की हिंसा में शिशुओं की हत्याएं की जाती हैं. इजराइल और उसके समर्थक देश/बुद्धिजीवी तथा फिलिस्तीन और उसके समर्थक देश/बुद्धिजीवी सभी कमोबेश उत्तेजना रूपी "बुरी आत्मा" की गिरफ्त में बने हुए हैं. नागरिक समाज का एक बड़ा हिस्सा भी, जो सीधे सत्ता-प्रतिष्ठानों से नहीं जुड़ा है, उत्तेजना की अधीनता की दशा में दिखाई देता है. संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की सच्ची इच्छा से प्रेरित लोगों की स्थिति महाभारतकार जैसी है -"मैं दोनों हाथ ऊपर उठा कर पुकार-पुकार कर कह रहा हूं, पर मेरी बात कोई नहीं सुनता!" फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष हिंसा पर आधारित आधुनिक सभ्यता की गोद में पला-बढ़ा है. लिहाजा, इसका अहिंसक/शांतिपूर्ण स्थायी समाधान पाना आसान नहीं है. फिर भी सच्ची प्रेरणा से उस दिशा में लगातार प्रयास होगा, तो रास्ता बन सकता है. इस प्रयास में आधुनिक सभ्यता की कड़ी टीका करने वाले मोहनदास कर्मचंद गांधी से मदद ली जा सकती है, जिसने इस हिंसक सभ्यता के बीचों-बीच खड़े होकर कहा था -"मेरा कोई शत्रु नहीं है" और जिसने अन्याय के प्रतिकार की अहिंसक कार्य-प्रणाली दुनिया को दी है. फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष के मौजूदा चरण पर लिखने वाले कुछ लेखकों ने गांधी को उद्धृत किया है. ऐसे लेखों में गांधी के मुख्यतः "द ज्यूज" ('हरिजन',26 नवंबर 1938), "दि जेविश क्वेश्चन" ('हरिजन', 27 मई 1939), "ज्यूज एण्ड फिलिस्तीन" ('हरिजन', 21 जुलाई 1946) लेखों के आधार पर फिलिस्तीन-इजराइल समस्या की गांधी की समझ तथा यहूदियों और अरबों के बारे में उनकी धारणा का संदर्भ दिया गया है. इस संदर्भ में गांधी के दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह आंदोलन में उनके घनिष्ठ सहयोगी रहे हरमन कॉलनबाख, सोंजा श्लेसिन और एचजेएच पोलक आदि यहूदियों का जिक्र भी आया है.फिलिस्तीन–इजराइल समस्या पर गांधी के विचारों और पक्ष (स्टैन्ड) पर कुछ विद्वानों ने विशेष अध्ययन किया है. कुछ ने गांधीवाद की रोशनी में फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष के समाधान की संभावनाओं पर भी विचार किया है. जवाहरलाल विश्वविद्यालय में आधुनिक मध्य-पूर्व के शिक्षक पीआर कुमारस्वामी ने इस विषय में गांधी के विचारों और पक्ष को प्रश्नांकित किया है.फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष के मौजूदा दौर पर लिखे अपने लेख "ऑन पेलेस्टाइन एण्ड इजराइल, गांधीज डबल स्पीक ऑन नॉन-वॉयलेन्स" (फिलिस्तीन-इजराइल मामले में अहिंसा पर गांधी का दोहरा रवैया) ('दि इंडियन एक्सप्रेसस', 24 अक्तूबर 2013) में उन्होंने गांधी की अहिंसा के प्रति निष्ठा पर तीखा हमला बोला है. ऐसा लगता है यह लेख फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष के समाधान की गांधीवादी संभावना के खिलाफ पेशबंदी की मंशा से लिखा गया है. गांधी-विशेषज्ञों को यह स्पष्ट करना है कि क्या गांधी ने फिलिस्तीन-इजराइल मामले में अरबों की हिंसा पर चुप्पी साधते हुए केवल यहूदियों को अहिंसा का उपदेश दिया है? क्या वे मुस्लिम-यहूदी विवाद में "महात्मा" के आसन से स्खलित हुए हैं? फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष पर गांधी के विचार "खिलाफत", धार्मिक पहचान के आधार पर भारत के "विभाजन की आशंका" और "उपनिवेशवाद" के तात्कालिक संदर्भों से प्रभावित रहे हो सकते हैं.

> इजराइल और उसके समर्थक देश/बुद्धिजीवी तथा फिलिस्तीन और उसके समर्थक देश/बुद्धिजीवी सभी कमोबेश उत्तेजना रूपी "बुरी आत्मा" की गिरफ्त में बने हुए हैं. नागरिक समाज का एक बड़ा हिस्सा भी, जो सीधे सत्ता–प्रतिष्ठानों से नहीं जुड़ा है, उत्तेजना की अधीनता की दशा में दिखाई देता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# प्रासंगिकता बनाए रखने का सवाल

**वर्ष 1995** में जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र 'कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज' (सीओपी) आयोजित की गई थी, उसके बाद से इसके चरित्र में एक उल्लेखनीय बदलाव आया है. नौकरशाहों और प्रौद्योगिकीविदों (टेक्नोक्रेटों) से भरी बंद दरवाजे वाली बैठकों से हटकर वे एक 'कार्निवल' में बदल गई हैं. निश्चित रूप से 'बाबूगिरी' में बढ़ोतरी हुई है और संयुक्त राष्ट्र जलवायु सचिवालय विभिन्न सहायक निकायों, 'कार्य समूहों' और विस्तृत व जटिल एजेंडा आइटमों की भरमार के साथ तेजी से बढ़ रहा है. लेकिन इसके साथ-साथ कार्यकर्ता समूहों, स्वदेशी समूहों, बड़े एवं छोटे व्यवसायों, परामर्शदाताओं, व्यापारियों और एक विशाल मीडिया की मौजूदगी में भी इजाफा हुआ है. एक तरफ यह निष्कर्ष निकालना उचित है कि यह एक स्वागतयोग्य प्रगति है और वहीं दूसरी तरफ इस प्रगति के पीछे सदियों के औद्योगीकरण के चलते होने वाले मानवजनित जलवायु परिवर्तन के संपूर्ण मानवता के लिए एक संभावित खतरा बन जाने के प्रति बढ़ती जागरूकता की वजह है. जलवायु परिवर्तन की हकीकत से इनकार करने वाले, जो एक दशक पहले तक सत्ता के गलियारों में मुखर और महत्वपूर्ण थे, अब 'फ्लैट अर्थर्स' के साथ-साथ 'डार्कनेट' की अंधियारे में धकेल दिए गए हैं और उनकी जगह उन नवधनाढ्य व जीवाश्म ईंधन युग के अहम सौदागरों ने ली है जो नवीकरणीय ऊर्जा के मसीहाई समर्थन में मौका देखते हैं. आज ऐसा कोई देश नहीं है जो सार्वजनिक रूप से इस वैज्ञानिक मूल्यांकन कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन को काफी हद तक नियंत्रित किया जाना चाहिए - में अपने विश्वास की पुष्टि नहीं करेगा और फिर भी इन देशों ने कभी भी जीएचजी का प्रमुख स्रोत माने जाने वाले जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में कटौती की दिशा में तत्काल कदम उठाने की भावना को प्रेरित नहीं किया है. सीओपी को दुबई की आम सहमति में सामने रखे गए इस तथ्य को स्वीकार करने में लगभग तीन दशक लग गए कि राजनीतिक अवसरवादिता और दूसरे रणनीतिक पैंतरों ने दुर्भाग्य से जलवायु विज्ञान को भी हथियार बना दिया है. इस प्रकार, अधिकांश मानव-उत्सर्जित कार्बन के लिए जिम्मेदार देश विकासशील देशों से उत्सर्जन पर लगाम लगाने के लिए बहस करते समय तापमान और बढ़ते उत्सर्जन के साथ उनके रिश्ते को रिकॉर्ड करने की ओर इशारा करते हैं. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

### फल/फलक

**गीता** में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है-कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन. मतलब कर्म करना ही तेरा अधिकार है, फल की इच्छा मत करो. यही बात संन्यासी फिल्म के लिए गीत लिख कर गीतकार एमजी हस्मत ने भी कही है-करम किये जा फल की इच्छा मत कर ऐ इंसान, जैसे करम करेगा, वैसे फल देगा भगवान. ये है गीता का ज्ञान. फल तो ऐसा शब्द है कि इससे हर कोई परिचित है. इसके सामान्य अर्थ से लेकर लक्षार्थ और व्यंग्यार्थ तक आम बोलचाल की भाषा में सहज ही महसूस कर लिया जाता है. फिर भी इस शब्द पर कुछ विशेष जानकारी की आवश्यकता महसूस हो रही है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार फल संस्कृत मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. मोटा-मोटी तौर पर फल पेड़-पौधों से प्राप्त गूदेदार बीज कोश को कहते हैं. जैसे अनार, अमरूद, आम आदि. गीता के ज्ञान के आलोक में फल को कर्म से जोड़ा जाता है. आशय यह कि अच्छा या बुरा फल कर्म पर ही निर्भर करता है. कर्म अच्छे होंगे तो फल भी अच्छा होगा. कर्म बुरे होंगे तो फल भी बुरा ही होगा. आपने सुना होगा-बुरे कर्म का बुरा नतीजा, क्या भाई चाचा, हां भतीजा. मतलब यह कि फल के पर्यायवाची शब्द परिणाम और नतीजा भी हैं. परीक्षा लिखी और उसका परिणाम आ गया तो उसे परीक्षाफल कहते हैं. आपने कोई काम किया है और उसका परिणाम सामने आ गया तो उसे कर्मफल कहते हैं. गणित में जोड़, घटाव, गुणा या भाग जैसी क्रियाओं का अंतिम परिणाम भी फल ही कहलाता है. लाभ तो फल है ही. तलवार की धार या तीर, बर्छी के अगले भाग को भी फल कहते हैं. हिंदी में फलक शब्द दो भाषाओं संस्कृत और अरबी से आये हैं. संस्कृत मूल वाले फलक का अर्थ है लकड़ी का तख्ता, पटल, पट्टी, पुस्तक का पृष्ठ, तीर की नोंक. वहीं अरबी भाषा के फलक के पर्यायवाची शब्द हैं आकाश, आसमान, गगन, नभ.

# गधों राजनीति नहीं कर सकते!

**• तीर-तुक्का**

**डा. सुरेन्द्र वर्मा**

यह तो सरासर ग़लत है. कृपया गधों के साथ राजनीति न करें. गधा एक बहुत ही उपयोगी जीव है. उसकी उपयोगिता को देखकर मेहरबानी करके गधों में फूट न डालें. फूट डालो और राज करो यह मन्त्र केवल हमारी, इंसानों की, दुनिया में कारगर हो सकता है. गधों में नहीं. आप गधों में फूट डाल ही नहीं सकते. गुजरात के गधों और उत्तरप्रदेश के गधों के बीच भी नहीं. उनमें बड़ी एकता है. गधे किसी भी प्रदेश के हों उनमें कोई अंतर पड़ ही नहीं सकता. है ही नहीं. सब गधे ही हैं. खालिस, निखालिस, गधे ही हैं. गधे हर जगह होते हैं. काबुल तक में सिर्फ घोड़े नहीं होते. गधे वहां भी होते हैं. एक जैसे. इस बात को ध्यान में रखना बड़ा ज़रूरी हैं कि गधे सिर्फ 'गधे' ही नहीं होते. उनके सच्चे-सीधे स्वभाव को मूर्खता बताना सिर्फ आदमी की मूर्खता का द्योतक है. वक्त पड़ने पर वे दुलत्ती भी मार सकते हैं. इंसानों के साथ रहते हुए भी गधों की मानसिकता में कभी कोई अंतर नहीं आया, भले ही इंसानों ने गधों से बहुत कुछ क्यों न सीख लिया हो. दुलत्ती मारना आखिर आदमी ने गधों से ही तो सीखा है. जब आदमी सामनेवाले का सामना नहीं कर पाता, दुलत्ती झाड़ता है. चुनाव-काले दुलत्तियों का जलवा देखने लायक होता है पक्षी ज़रा सा चहचहाया नहीं, कि विपक्षी ने दे मारी दुलत्ती! इस प्रकार दुलत्तियों का एक सिलसिला चल निकलता है. दुलत्ती दर दुलत्ती. खेल चालू हो जाता है. मरहूम कृष्ण चंदर एक मशहूर लेखक रहे हैं. हम उनके साहित्य को बड़े अदब से पढ़ते हैं. वे गधों से इतने मुतअस्सिर हुए कि उन्होंने एक गधे की आत्मकथा ही लिख डाली. व्यंग्यकार शरद जोशी भी पीछे रहने वाले नहीं थे. उन्होंने एक अदद नाटक, 'एक था गधा', लिख मारा. गधा सिर्फ गधा नहीं होता. अच्छे अच्छे साहित्यकारों के लिए वह प्रेरणा का स्रोत रहा है. आज भी न जाने कितने व्यंग्यकार गधों पर छोटे-मोटे आलेख लिखकर गधों की उपयोगिता के गुण गा रहे हैं. जय हो. हर क्षेत्र के लोगों ने गधों की सेवा ली है. लेकिन आदमी बड़ा अहसान-फरामोश है. अगर धोबी के पास एक अदद गधा न हो तो उसका काम नहीं चल सकता. फिर भी गधा बेचारा धोबी का गधा ही कहलाता है – घर का न घाट का. जब कि असलियत यह है कि घर और घाट, दोनों ही जगहों का भार गधा ही उठाए है. गधा आर्थिक क्षेत्र में भी 'सार्थक' प्रमाणित हुआ है. खबर आई थी कि किस तरह गधों ने एक दीवाला- पिटी-नगरपालिका की इज्ज़त बचाई. कर्मचारियों को उनका वेतन देने के लिए गधों का मेला लगाकर पैसे कमाए गए, जिससे कर्मचारियों को कई माह बाद उनका वेतन मिल पाया. गधे दलबदल नहीं करते. इस दलदल में वे कभी नहीं पड़े.



